राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-7490923915
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण बुधवार 09 अक्टूबर 2024 वर्ष-7,अंक-257 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

पहला कॉलम



## अभी तो जयशंकर पहुंचे भी नहीं, पहले ही पाकिस्तान में होने लगी हलचल

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान विदेश मंत्रालय कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान को एस जयशंकर की यात्रा के संबंध में आधिकारिक तौर पर सूचना मिल गई है। हम सभी सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। बता दें कि 15 और 16 अक्टूबर को चीन समर्थित शंघाई कॉर्पोरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) की 23वीं बैठक होनी है। भारत पहले ही पड़ोसी मुल्क को यह साफ कर चुका है कि इस बैठक में भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी भाग नहीं लेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारतीय दल को लीड करेंगे। साथ ही भारत और पाकिस्े तान के बीच इस दौरान कोई बाइलेट्रल टॉक नहीं होगी। जयशंकर ने भारत के रुख को साफ करते हुए कहा था कि जब तक पाकिस्े तान अपना आतंक समर्थित रवैया नहीं छोड़ेगा, दोनों देशों के बीच बाइलेट्रल टॉक का कोई मतलब नहीं है। अब इस मामले में बौखलाए पाकिस्तान का जवाब भी सामने आ गया है।पाकिस्े तान विदेश मंत्रालय कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान को एस जयशंकर की यात्रा के संबंध में आधिकारिक तौर पर सूचना मिल गई है। हम सभी सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। बाइलेटरल मीटिंग पर पूछे गए सवाल पर उ्न होंने कहा, मैं चाहूंगा कि आप 5 अक्टूबर को भारतीय विदेश मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी का संदर्भ लें, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी यात्रा एक मल्े टीलेट्रल कार्यक्रम के लिए है न कि पाकिस्तान-भारत संबंधों पर चर्चा करने के लिए। ये टिप्पणियां खुद-ब-खुद स्पष्ट है। पाकिस्तान का दौरा करने वाली आखिरी भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज थीं। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस्लामाबाद गई थीं। जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे नई दिल्ली की ओर से एक बड़े फैसले के रूप में देखा जा रहा है। पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में फरवरी 2019 में पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर भारत के युद्धक विमानों द्वारा बमबारी के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध गंभीर तनाव में आ गए थे।

## भोपाल में एमडी ड्रग बनाने का रा मटेरियल जब्त

### 30 लाख के माल से तैयार होती 300 करोड़ की ड्रग, एनसीबी दिल्ली ने की थी कार्रवाई

**भोपाल।** भोपाल में 5 अक्टूबर को पकड़ी गई सिंथेटिक ड्रग फैक्ट्री से जुड़ी एक दुकान का मंगलवार को ताला तोड़ा गया। एसीपी मिसरोद के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में दुकान में केमिकल के भरे हुए ड्रम में कई संदिग्ध वस्तुएं पाई गई। दुकान में केमिकल स्टोर कर रखा था। इस केमिकल का ही उपयोग एमडी ड्रग बनाने में किया जाता है। बाजार में इस रा मटेरियल की कीमत अधिकतम 30 लाख रुपए है। माल तैयार होने पर उसकी कीमत 200 से 300 करोड़ होती है। एनसीबी की रेड के दौरान गिरफ्तार आरोपी अमित चतुर्वेदी ने यह दुकान रापडिया निवासी विष्णु पाटीदार से किराए पर ली थी। जो शुभम वेयर हाउस के सामने गणेश मार्केट रापडिया चौराहे पर स्थित है। यहां अमित देर रात कुछ सामान गाड़ी से बगरोदा फैक्ट्री में ले जाया करता था। इधर, एनसीबी की टीम गिरफ्तार दोनों आरोपियों को बागरोदा स्थित फैक्ट्री में लेकर पहुंची।

## ग्वालियर में हुई ट्रेन पलटाने की साजिश

### ट्रेक पर रखी लोहे की छड़े

**ग्वालियर।** कानपुर, खंडवा सहित अन्य जगहों पर ट्रेनों को पलटाने के प्रयास के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन इस बार यह प्रयास ग्वालियर में भी किया गया है। ग्वालियर में रेलवे ट्रेक पर लोहे की छड़े रख दी गईं। लेकिन समय रहते माल गाड़ी को रोक दिया गया। इससे घटना नहीं हुई। आरपीएफ व जीआरपी ने जांच शुरू की है और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटनाक्रम के मुताबिक ग्वालियर बिरलानगर स्टेशन के पास गुड्स ट्रैक पर देर रात लोहे की छड़ें रखीं मिलीं। इसी ट्रैक पर 12 किलोमीटर की स्पीड से मालगाड़ी आ रही थी। लेकिन मालगाड़ी को समय रहते रोक दिया गया। इससे दुर्घटना होने से बच गई। घटना के बाद ग्वालियर जीआरपी और आरपीएफ ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनका पता लगाया जा रहा है।

हरियाणा में गलत साबित हुए सभी एग्जिट पोल...

# भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ वह कर दिखाया, जो कोई और दल न कर पाया

भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ वह कर दिखाया, जो कोई और दल न कर पाया, जम्मू-कश्मीर में नहीं चला धारा 370 हटाने का दांव




## भगवामय हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में इंडिया सरकार

### -किसान आंदोलन पर भारी पड़ा भाजपा का 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का ऐलान

### भाजपा का कमजोर सीटों पर रहा फोकस

यहां तक कि भाजपा के आंतरिक सर्वेक्षण में भी 35 से 38 सीटों का अंदाजा लगाया गया था। इसके बाद भाजपा ने ऐसी 18 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया, जहां पर मुकाबला बहुकोणीय था। वहीं, 39 ऐसी सीटों पर भी भाजपा ने जोर लगाया, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला था। उधर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कह चुके थे कि यदि गठबंधन की जरूरत पड़ी तो सारी व्यवस्थाएं हैं। हरियाणा में 15वीं विधानसभा चुनाव में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ। यह 2019 के विधानसभा चुनाव में 67.92 प्रतिशत के मुकाबले .02 प्रतिशत कम रहा। राज्य के विधानसभा चुनाव के इतिहास में यह चौथा मौका था, जब सबसे कम मतदान हुआ। इसे सत्ता विरोधी लहर से जोडक़र देखा गया क्योंकि 10 साल से भाजपा यहां सत्ता में थी।

**नई दिल्ली ।**

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम मंगलवार को आए। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार चौंका दिया। कांग्रेस इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थी। एग्जिट पोल्स से लेकर सियासी बयानों तक यही संकेत मिल रहे थे कि भाजपा इस बार मुकाबले में कमजोर है। लेकिन चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आए हैं। भाजपा ने राज्य की 90 में से 48 सीटें जीती है, जो पिछली बार से 8 सीट अधिक है। यानी भाजपा ने हैट्रिक लगा ली है। वहीं जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबंधन की नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गठबंधन को 48 सीटें मिली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 और कांग्रेस को 6 सीटें मिलीं। भाजपा ने 29 सीटें जीती है। पीडीपी को 3 सीट मिली। एक-एक सीट आम आदमी पार्टी और जेपीसी के खाते में आई। 7 निर्दलीय भी जीते। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उमर अब्दुल्ला को दो सीटों बडगाम और गांदरबल पर जीत मिली। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से हार गईं। उन्होंने कहा- मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। उधर भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना नौशेरा सीट से हार गए। हार के बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार चौंका दिया। कांग्रेस इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थी। कांग्रेस में यह मंथन भी होने लगा था कि 65 से ज्यादा सीटें आती हैं तो कमान किसे सौंपी जाएगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला, तीनों नेता सीएम पद पर अपनी दावेदारी को लेकर ताल ठोंक रहे थे। युवाओं में बेराजगारी और किसानों-पहलवानों की नाराजगी जैसे मुद्दे को कांग्रेस जोरशोर से उठा रही थी। इस सबके बावजूद भाजपा कांग्रेस की बगल से जीत को निकालकर ले गई। यह कुछ ऐसा ही है, जैसे कुश्ती में बगलडूब दांव होता है, जब एक पहलवान सामने वाले पहलवान की बगल और पकड़ से बाहर निकलकर उसे परास्त कर देता है।

**हरियाणा का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | जीते |
|---|---|
| भाजपा | 48 (+8) |
| कांग्रेस | 37 (+6) |
| जेजेपी | 0 (-10) |
| इनेलो-बसपा | 2 (+1) |
| अन्य | 3 (-5) |

**जम्मू-कश्मीर का चुनाव परिणाम**

| पार्टी | जीते |
|---|---|
| नेशनल कॉन्फ्रेस | 42 (+27) |
| भाजपा | 29 (+4) |
| पीडीपी | 3 (-25) |
| कांग्रेस | 6 (-6) |
| अन्य | 10 (+4) |

### मुख्यमंत्री बदलने की रणनीति कामयाब रही

हरियाणा की सियासत में बीते मार्च में तब बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब मनोहर लाल खट्टर ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना गया और वे मुख्यमंत्री बने। सैनी के जरिए भाजपा ने पंजाबी और पिछड़ा वोट बैंक पर पकड़ मजबूत कर ली। वहीं, खट्टर को केंद्र में भेज दिया गया।

### कश्मीर में भाजपा खाता नहीं खुला

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की 90 सीटों में से 43 जम्मू और 47 कश्मीर में हैं। भाजपा ने जम्मू रीजन की सभी 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 29 सीटें जीती। वहीं कश्मीर रीजन की 47 सीटों पर भाजपा ने 20 कैंडिडेट उतारे थे। यहां भाजपा का खाता नहीं खुल पाया। गुरेज सीट से एक उम्मीद थी। यहां से फकीर मोहम्मद खान भाजपा के कैंडिडेट थे। फकीर मोहम्मद 28 साल पहले 1996 में गुरेज से निर्दलीय विधायक चुने गए थे। फिर कांग्रेस में गए, हार गए। इस बार बीजेपी से भी उन्हें हार मिली। नेशनल कॉन्फ्रेस और कांग्रेस का गठबंधन कश्मीर में पहले से मजबूत था। नेशनल कॉन्फ्रेस की 42 सीटों में से करीब 35 से ज्यादा सीटें कश्मीर रीजन से मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने भी कश्मीर संभाग से 6 सीटें जीतीं। 2014 में दोनों पार्टियों ने 27 सीटें जीती थीं। इस बार गठबंधन का आंकड़ा बहुमत के पार हो गया। नेशनल कॉन्फ्रेस ने इस चुनाव में 51 और कांग्रेस ने 32 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

### हरियाणा में पहली बार हैट्रिक

किसी भी एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत मिलने का अनुमान नहीं लगाया था। आठ एग्जिट पोल्स यही बता रहे थे कि कांग्रेस के 10 साल बाद वापसी करने के संकेत हैं। हरियाणा के चुनावी इतिहास में इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी दल ने हैट्रिक लगाई हो। कोई भी दल लगातार तीसरी बार सरकार नहीं बना पाया। इस बार भाजपा ने रिकॉर्ड बना दिया। 2014, 2019 में जीत के बाद 2024 के विधानसभा चुनाव में भी वह सरकार बनाने की स्थिति में है।

### जजपा का वोट बैंक खिसका

दुष्यंत चौटाला की जजपा ने 2019 में 14.9 फीसदी मत हासिल किए थे। यह माना गया था कि जाट समुदाय की वजह से जजपा को ये वोट मिले थे। वहीं, इस बार यह माना जा रहा है कि जजपा के वोट बैंक का ज्यादातर हिस्सा कांग्रेस में और कुछ हिस्सा इनेलो में शिफ्ट हो गया। कांग्रेस को पिछली बार 28.2 फीसदी वोट मिले थे, जबकि इस बार वह 40 फीसदी मत हासिल करती दिख रही है। जजपा को इस बार महज एक फीसदी वोट मिलते दिख रहे हैं। वहीं भाजपा को कांग्रेस से एक फीसदी कम यानी 39 फीसदी वोट मिलते दिख रहे हैं। इसके बावजूद वह कांग्रेस से ज्यादा सीटें लाने में कामयाब रही।

## मामूली विवाद पर अकोला में हिंसा, पथराव व आगजनी, क्षेत्र में तनाव

**अकोला।**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। इस बीच महाराष्ट्र के अकोला में दो गुटों के बीच तनाव पैदा हो गया है। जानकारी के मुताबिक इस तनाव के चलते कई जगहों पर आगजनी और पथराव के साथ भारी भीड़ सड़कों पर उतर आई है। घटना के बाद तुरंत मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को नियंत्रण में किया है। घटना सोमवार शाम हुई जब एक ऑटोरिक्शा मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिससे दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद तनाव इतना बढ़ कि दो समूहों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया और तीन दोपहिया वाहनों और एक ऑटोरिक्शा को आग के हवाले कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विवाद के दौरान कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस को मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। अधिकारियों ने भीड़ को तितर-बितर करने लाठीचार्ज भी किया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को महाराष्ट्र के अकोला में दो समूहों के बीच झड़प हुई, जिसमें पथराव हुआ और कई वाहनों में आग लगा दी गई।

अकोला पुलिस के मुताबिक शहर के हरिहर पेठ इलाके में एक ऑटोरिक्शा और एक मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद यह विवाद शुरू हुआ। घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि विवाद के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस बीच, शांति बनाए रखने और हिंसा को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। हरिहर पेट इलाके में गाडगे महाराज की प्रतिमा है, उसी इलाके में ये पथराव और आगजनी हुई। शुरुआती



जानकारी है कि फीस को लेकर दो गुटों में तनाव पैदा हो गया है और पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। सुरक्षाकर्मियों की टीमों द्वारा भीड़ को तितर-बितर किया गया। इस बीच अकोला के हरिहर पेठ इलाके में पथराव और आगजनी अकोला पुलिस की विफलता है। विधायक अमोल मिटकारी ने एबीपी माझा से बात करते हुए कहा कि पुलिस का खुफिया तंत्र बेअसर है और वह इस संबंध में गृह मंत्री से जांच की मांग करेंगे।

## मुइज्जू ने भारतीय पर्यटकों से लगाई मालदीव आने की गुहार

**नई दिल्ली।**

भारत यात्रा पर आए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने नई दिल्ली में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुइज्जू ने जब पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया तो भारतीय पर्यटकों से अपने देश में आने की खुली अपील कर डाली। पीएम मोद के संयुक्त प्रेस वार्ता में मुइज्जू ने कहा, भारत हमारे सबसे बड़े पर्यटन स्रोत बाजारों में से एक है और हम मालदीव में अधिक भारतीय पर्यटकों का स्वागत करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने भारत के साथ ही मालदीव में रह रहे भारतीयों की भी तारीफ की। बता दें कि इसी साल फरवरी में मुइज्जू के तीन मंत्रियों की पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से भारत में सोशल मीडिया हिल गया था। बड़ी संख्या में भारतीयों ने मालदीव के पर्यटन का बहिष्कार करने की घोषणा की। इसके बाद मुइज्जू ने डैमेज कंट्रोल करते हुए तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया। हालांकि, इसके पहले नुकसान हो चुका था।

पिछले एक साल में भारत से कूटनीतिक तनाव के चलते मालदीव को भारी नुकसान हुआ है। मालदीव में पर्यटन सबसे बड़ा उद्योग है जो जीडीपी में सीधे लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है। वहीं, मालदीव को होने वाली विदेशी आय का 60 फीसदी पर्यटन से आता है। मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद से ही भारत विरोधी रुख को हवा दी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ। इसने मालदीव अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाला है। पिछले कई साल के आंकड़े बताते हैं कि मालदीव जाने वाले पर्यटकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा रही है, जिसमें इस साल भारी गिरावट देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक भारतीय पर्यटकों की संख्या पिछले साल के मुकाबले 50,000 से ज्यादा गिर गई है। पर्यटकों की गिरावट से परेशान मुइज्जू की सरकार ने वेलकम इंडिया अभियान शुरू किया। इसके लिए अपने पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल को भारत भी भेजा। फैसल ने भारतीयों से देश के गिरते पर्यटन में योगदान देने की गुहार लगाई और स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी अर्थव्यवस्था इस पर निर्भर है।

बीते सितम्बर महीने में जिस दिन मुइज्जू की भारत यात्रा की घोषणा की गई, उसी दिन निलंबित दो मंत्रियों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए सरकार से इस्तीफा दे दिया। इसे मुइज्जू सरकार की भारत से रिश्ते सुधारने की कोशिश के तौर पर देखा गया। मुइज्जू की भारतीयों से गुहार को नीतिगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब मालदीव आर्थिक संकट में फंसा हुआ है।

## मुंबई में 12 बम धमाकों में गई थी 257 की जान,आरोपियों के खिलाफ सुनवाई शुरु

**मुंबई।**

साल 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में एक विशेष अदालत में सात आरोपितों के खिलाफ तीसरे चरण की सुनवाई शुरू हुई। ये आरोपित फरार चल रहे थे और अलग-अलग समय पर पकड़े गए थे। सुनवाई के दो चरणों में कोर्ट ने 106 लोगों को दोषी ठहराया है। इनमें याकूब मेमन भी शामिल है, जिसे जुलाई 2015 में फांसी दी गई थी।इस मामले में गैंगस्टर अबू सलेम को 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 12 मार्च 1993 को मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में 12 बम विस्फोट हुए थे, जिसमें 257 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह उस समय के दुनिया के सबसे घातक आतंकवादी हमलों में से एक था। ये मुकदमा विशेष आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के न्यायाधीश वीडी केदार के समक्ष दो गवाहों की गवाही की रिकॉर्डिंग के साथ शुरू हुआ। सात लोग मुकदमे का सामना कर रहे हैं, इसमें फारूक मंसूरी उर्फ फारूक टकला, अहमद लंबू, मुनाफ हलारी, अबू बकर, सोहैब कुरेशी, सईद कुरेशी और यूसुफ बटका हैं। अभियोजन पक्ष मुकदमे के इस चरण के दौरान 41 नए गवाहों से पूछताछ कर सकता है। एक अधिकारी के अनुसार, मामले में 26 आरोपित अभी भी फरार हैं।



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# बड़े बदलाव ही रोकेंगे चुनावी कदाचार

यह जानना दिलचस्प है कि स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों के कई लालची निर्वाचित प्रतिनिधि चुनाव से ठीक पहले समूह बनाते हैं और अपने प्रभाव वाले वोटों के लिए सामूहिक रूप से उम्मीदवारों से सौदेबाजी करते हैं। राजनीतिक दलों का चुनाव घोषणापत्र, राष्ट्रीय प्रचार माध्यमों पर बहस के लिए एक दस्तावेज से अधिक कुछ भी नहीं होता है। सड़कों पर चुनाव सामान्यत- स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं और इसमें उम्मीदवार का चेहरा और किरदार बहुत मायने रखता है। हालांकि, कुछ आकर्षक वादे जैसे मासिक पेंशन और मतदाताओं को लैपटॉप आदि देना भी तुरंत काम करते हैं।

केपी सिंह

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 द्वारा प्रदत्त 'वयस्क मताधिकार' लोकसभा और विधानसभाओं के लिए होने वाले चुनाव का आधार है। 18 वर्ष से अधिक आयु का भारत का प्रत्येक नागरिक, जो अन्यथा अयोग्य नहीं है, मतदाता के रूप में पंजीकरण का हकदार है। यह अधिकार लोकतंत्र की रीढ़ है जिसमें किसी व्यक्ति की धन-सम्पत्ति, हैसियत और शारीरिक बल कोई मायने नहीं रखता है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराना भारत के चुनाव आयोग का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है, क्योंकि यह चुनावों पर निगरानी रखने वाला एकमात्र संवैधानिक प्राधिकरण है। इतना ही नहीं, संविधान के अनुच्छेद 329 के अंतर्गत चुनावी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप पर भी रोक है, चुनाव प्रक्रिया सम्पूर्ण हो जाने पर ही चुनाव याचिका दायर की जा सकती है। इसके बावजूद चुनाव प्रचार धोखाधड़ी, विश्वासघात, चुनाव प्रक्रियाओं में हेराफेरी, धन और बाहुबल के जबरदस्त दुरुपयोग की गाथा जैसी विसंगतियों से रूबरू होना है। जहां भ्रष्ट आचरण इतने ज्वलंत और विविध हैं कि चुनाव पर्यवेक्षक भी यह सुनिश्चित करने के लिए आतुर रहते हैं कि चुनाव प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रहे और शिकायतों पर ध्यान देना उनकी प्राथमिकताओं में नहीं रहता है। जिस दिन से उम्मीदवारी तय हो जाती है, उसी दिन से गलियों में मुफ्त शराब का प्रवाह शुरू हो जाता है, खासकर उन कालोनियों में जहां वंचित वर्ग के लोग कस्बों और गांवों के बाहरी क्षेत्रों में रहते हैं। लोग जानते है कि वे अपनी आपूर्ति कहां से पूरी कर सकते हैं और पुलिस भी आमतौर पर इसे नज़रअंदाज कर देती है। आपूर्तिकर्ता कौन-सी पार्टी से है यह सभी को पता होता है। ऐसे शराबियों के चेहरे पर अविश्वास स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है और उन्हें प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा खोले गए शराब आपूर्ति बिन्दुओं के इर्द-गिर्द घूमते देखा जा सकता है। उम्मीदवार के एजेंट से हस्ताक्षरित पर्ची दिखाने पर शराब की दुकानों पर डिजिटल भुगतान के माध्यम ने शराब की सप्लाई को आसान बना दिया है। शराब पर अंधाधुंध खर्च अन्य सभी चुनावी खर्चों से अधिक होता है। यह जानकर और भी परेशानी होती है कि कई चुनावों में शराब ही चुनाव नतीजे गहरे तक प्रभावित करती है। वोट के बदले नोट एक कटु सत्य है, धनराशि चुनाव के महत्व और मतदाता की स्थिति के आधार पर निर्भर होती है। नगदी को ठेकेदारों के माध्यम से वितरित किया जाता है जो वोटों के सम्भावित खरीदार के साथ एक समझौता करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी विशेष उम्मीदवार के लिए क्षेत्र के एक विशेष संख्या में वोट डाले जाएं। यहां तक कि घर-घर जाकर सूट या साड़ी के साथ नकदी देकर भी व्यक्तिगत वोट को खरीदा जाता है। कुछ उम्मीदवारों द्वारा मतदान के दिन मतदान-पर्ची की आड़ में नकदी की पेशकश करते हुए भी देखा गया है। कहीं-कहीं वोट डालने का शुल्क रुपये प्रति वोट तक निर्धारित होता है। यह जानना दिलचस्प है कि स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों के कई लालची निर्वाचित प्रतिनिधि चुनाव से ठीक पहले समूह बनाते हैं और अपने प्रभाव वाले वोटों के लिए सामूहिक रूप से उम्मीदवारों से सौदेबाजी करते हैं। राजनीतिक दलों का चुनाव घोषणापत्र, राष्ट्रीय प्रचार माध्यमों पर बहस के लिए एक दस्तावेज से अधिक कुछ भी नहीं होता है। सड़कों पर चुनाव सामान्यत- स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं और इसमें उम्मीदवार का चेहरा और किरदार बहुत मायने रखता है। हालांकि, कुछ आकर्षक वादे जैसे मासिक पेंशन और मतदाताओं को लैपटॉप आदि देना भी तुरंत काम करते हैं। जाति, पंथ, धर्म और आस्था चुनाव परिणाम निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उम्मीदवारों को ऐसे संतों और साथियों से समर्थन प्राप्त करते देखा जा सकता है। प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा प्रतिदिन अभियान के लिए राजनीतिक बयानबाजी और मुद्दे निर्धारित किए जाते हैं और संचार माध्यम इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय चुनाव आयोग, चुनाव प्रचार में बेलगाम सोशल मीडिया और यूट्यूबर्स के हस्तक्षेप पर ध्यान देने में विफल रहा है। सोशल मीडिया और स्वतंत्र यूट्यूबर्स की मांग उम्मीदवारों पर बहुत भारी पड़ती है और वे अच्छा भुगतान न मिलने पर उम्मीदवार को परेशान करने या उसकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए उनके मुंह में विवादित शब्द डालने की कोशिश करते हैं। पेड-न्यूज और दुर्भावनापूर्ण अभियान के आरोप भी लगते हैं। स्थानीय पुलिस और प्रशासन में जिला-स्तर के प्रमुखों के पाक-साफ इरादों के बावजूद सत्ताधारी दल के कदाचारों को नज़रअंदाज का स्पष्ट पूर्वाग्रह है, क्योंकि निचले स्तर के पदाधिकारी, जिन्हें जिले में सेवा करनी होती है, प्रभावशाली स्थानीय राजनेता को नाराज करने का जोखिम नहीं लेते हैं। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक हालांकि उम्मीदवारों को शिकायत दर्ज करने और गलत काम करने वालों को कुछ हद तक रोकने के लिए एक तंत्र प्रदान करते हैं, लेकिन स्थानीय अधिकारियों पर निर्भरता के कारण उनकी क्षमताएं सीमित हैं। इसके अतिरिक्त वे वास्तव में सक्रिय रुख अपनाने की बजाय अक्सर निष्क्रिय बने रहने में ही भला महसूस करते हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) की धारा 169 से 177 तक में चुनावों में रिश्वतखोरी और भ्रष्ट आचरण करने वालों के लिए एक साल तक की कैद की सज़ा का प्रावधान है, लेकिन ये प्रावधान असंज्ञेय हैं और पुलिस प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज नहीं कर सकती, जिससे ये प्रावधान निरर्थक और दंतहीन हो जाते हैं। चुनावी अपराधों को संज्ञेय बनाकर कड़ी सज़ा का प्रावधान होना चाहिए।लोकतांत्रिक व्यवस्था



में चुनावों की गंगोत्री को निहित स्वार्थों द्वारा दूषित करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए। चुनाव प्रचार में नित नई धांधलियों का जायजा लेना और सुधारात्मक उपाय करना भारतीय चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। अभियान प्रक्रिया में व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। डिजिटल भारत में राष्ट्रीय मीडिया पर बहस पारम्परिक चुनावी रैलियों की जगह ले सकती है लेकिन प्रचार सामग्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। चुनाव मशीनरी जिले से बाहर की होनी चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन के अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। चुनाव के दौरान कदाचार और भ्रष्ट आचरण करने वाले अधिकारियों पर चुनाव आयोग को सख्त रवैया अपनाना चाहिए। चुनाव के दौरान दर्ज मामलों में अपराधी सामान्यतया चुनाव आयोग द्वारा पर्यवेक्षण और निगरानी की कमी के कारण दंडित नहीं हो पाते हैं। पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के भ्रष्ट आचरण की जांच करनी चाहिए और उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। चुनाव आयोग और चुनावी कदाचार के प्रति व्यवस्था के दृष्टिकोण में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है।

लेखक हरियाणा के पुलिस महानिदेशक रहे हैं।

संपादकीय

## मित्र मालदीव

भारत और मालदीव के बीच सुधरते रिश्ते सुखद और स्वागतयोग्य हैं। बीते साल नवंबर में 46 वर्षीय मोहम्मद मुइज्जू मालदीव के राष्ट्रपति बने थे और चुनाव प्रचार के दौरान ही उनका भारत विरोधी एजेंडा सबके सामने आ गया था। उनकी सरकार के एकाधिक मंत्रियों ने भी सत्ता में आते ही भारत के प्रति विरोध को छिपाया नहीं और खुद मोहम्मद मुइज्जू भी चीन की गोद में इतराते नजर आए। उनके हठ की वजह से भारतीय सैनिकों को मालदीव से लौटना पड़ा, हालांकि, अभी भी भारत के वायुयान मालदीव में हैं, हमारे नागरिक पायलट और आपदा प्रबंधक भी वहां हैं। आज भी मालदीव के टापुओं पर जब किसी को आपात सहायता की जरूरत पड़ती है, तो भारतीय राहत दल ही बचाव के लिए सबसे पहले पहुंचता है। कुछ ही दिनों पहले ऐसा लग रहा था कि मालदीव ने भारत से मिली सेवाओं को भुला दिया है। ऐसे में, मुइज्जू की भारत यात्रा ने अनेक शंकाओं का न केवल समाधान किया है, बल्कि परस्पर रिश्तों में फिर से गर्मजोशी लाने का इरादा जाहिर कर दिया है। आश्चर्य नहीं, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयास के तहत भारत और मालदीव ने सोमवार को 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। संबंधों को बुनियादी रूप से मजबूत करने के जो ताजा प्रयास हुए हैं, उनसे बड़ी आशा जगती है। मालदीव में रूपे कार्ड भी लॉन्च हो गया है। भारत ने परंपरा के अनुरूप ही मदद के वही हाथ आगे बढ़ाए हैं, जिन्हें मालदीव अपनी नई सरकार के जोश में झटक दे रहा था। ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना में तेजी लाई जाएगी। थिलाफुशी में एक नए वाणिज्यिक बंदरगाह का विकास होगा। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की शुरुआत होगी। दरअसल, मंदी से जूझ रहे मालदीव के पास आसान विकल्प यही है कि वह भारत से मदद ले। यह बात छिपी नहीं है कि भारत उदारता से मदद करता है, जबकि अन्य देश मदद की पूरी कीमत वसूलते हैं। यह बात भी गौर करने की है कि 'इंडिया आउट के नारे के साथ मोहम्मद मुइज्जू ने चुनाव जीता था और उन्हें उम्मीद थी कि चीन आर्थिक मदद के लिए अपनी झोली खोल देगा, पर महीनों इंतजार के बाद भी जब चीन से पर्याप्त मदद नहीं मिली, तो भारत की याद आई। यहां भारत की तारीफ होनी चाहिए कि उसने कभी भी जैसे को तैसा की भाषा में जवाब नहीं दिया। आज भी नरेंद्र मोदी सहज भाव से मालदीव को घनिष्ठ मित्र बता रहे हैं, तो यह किसी सबक से कम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने उचित याद दिलाया है कि भारत ने हमेशा एक पड़ोसी की जिम्मेदारियां निभाई हैं, इसमें कोई शक नहीं है। भारत को अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने ही चाहिए। दक्षिण एशिया में भारत विकास की सीढ़ियां तेजी से चढ़ रहा है। ऐसे में, ईर्ष्या की सदैव आशंका रहेगी, पर यह भाव कहीं नफरत में न तब्दील हो जाए, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भारत पर ही रहेगी। यहां हमें कोई तराजू रखने की जरूरत नहीं है, लेकिन पड़ोसी देशों को अवश्य तराजू रखना चाहिए और वह समग्रता में यही पाएंगे कि आम तौर पर भारत का पलड़ा भारी रहेगा। दुनिया में चंद देश हैं, जिनकी विदेश नीति में जियो और जीने दो का भाव है। आज पूरे दक्षिण एशिया में इसी भाव की जरूरत है और अगर यह जरूरत पूरी हुई, तो दुनिया का यह इलाका सबके लिए मिसाल साबित हो सकता है।

# वनवासी क्षेत्रों मे नवरात्रि

( लेखक- हेमेन्द्र क्षीरसागर)

हिन्दू धर्म से वनवासी समाज को अलग परिभाषित करने के सभी विभाजनकारी षड्यंत्र तब धवस्त हो जाते हैं, जब इनकी मान्यताएँ, पर्व, रहन-शैली, विचार मेल खाते हैं। कुल देवी, बाघ देवी, ज्वाला देवी, गांव देवी और वन देवी की पूजा-अर्चना तथा गांवों, अंचलों में मंदिर, पट, मढिया इसके ज्वलंत उदाहरण है। शारदीय नवरात्रि ऐसा पर्व है, जो वनवासी क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाता है, यह सिद्ध करता है कि हम हिन्दू हैं, भले ही हमारे निवास स्थान, रहन-सहन अलग-अलग हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक मनाई जाने वाली इस पूजा में माँ दुर्गा के सभी नौ रूपों की पूजा होती है।

वनवासी क्षेत्रों की नवरात्रि पूजा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से तनिक भिन्न है। इनके नामों व पूजा पद्धति में विविधता है। वनवासी देवी माँ से अच्छी फसल, वर्षा व प्रकृति संरक्षण की याचना करते हैं। भील समाज में नवणी पूजा, गोंड समाज में खेरो माता, देवी माई की पूजा, कोरकू समाज में देव-दशहरा के रुप में देवी माँ की पूजा होती है। भील समाज में नवणी पर्व नवणी में भील अपनी कुलदेवी व दुर्गा-भवानी का पूजन करते हैं। यह त्यौहार अश्विन (कुआर) माह में शुक्ल पक्ष की पड़वा से प्रारम्भ होता है। पूरे वर्षभर में हुई गलतियों के लिये सभी देवी-देवताओं से क्षमा याचना करते हैं।

नवणी से पहले स्वच्छता की दृष्टि से घरों की गोबर व मिट्टी से लिपाई होती है। व्रती सागौन की पाटली (पटिया) सुतवार (बढ़ई) से बनवाकर उस पर चाँद व सूर्य उकेरवाता है। घर या आंगन में चौका पुराया जाता है। पाटली में शुद्ध धागा नौ बार लपेटा जाता है, उसी चौके पर पाटली की स्थापना कर पूजा की जाती है। जिस सागौन से पाटली काटी गयी होती है, उसे भी कच्चा सूत व नारियल भेंट किया जाता है। बाँस की छोटी-छोटी पाँच या सात टोकरियों में मिट्टी डालकर गेहूँ बोया जाता है, इसे बाड़ी, जवारा या माता कहते हैं। यह जवारा नवमी तिथि को संध्या की बेला में नदी में विसर्जित होता है। श्रद्धालु खप्पर, गीत गाते नदी तट पर जवारा लेकर जाते हैं। जिसे श्रद्धा स्वरूप एक दूसरे को देते हैं।

गोंड ही नहीं, कोरकू जनजाति में भी कई दशहरे मनाये जाते हैं, जिसमें से एक दशहरा कुंआर की नवरात्रि है। गोंड समाज के लोग गाड़वा के सामने ककड़ी को बकरे का प्रतीक मानकर काटते हैं। अपने ईष्ट से याचना करते हैं कि वर्षभर हमें कुल्हाड़ी, हंसिया चलाना पड़ता है, उसमें कोई हानि न हो। गोंड समाज में खेरो माता की पूजा होती है। गोंड समाज में खेरो माता को गाँव की मुख्य देवी का दर्जा प्राप्त है। कोरकू समाज में कुंआर माह में देव-दशहरा मनाया जाता है। इस पूरे पर्व में मुठवा देव, हनुमान, पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव आदि की पूजा होती है। कोरकू लोग अपने देवी-देवताओं के चबूतरे पर गाते-बजाते हैं, जिसे धाम कहते हैं। कोरकू समाज में भी इस पर्व पर बलि देने की मान्यता है। इस पर्व से संबंधित कुछ निषेध भी हैं - दशहरे के पहले खलिहान नहीं लीपा जा सकता, अशुभ माना जाता है। दशहरा पर अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ प्रकृति के वाहक इस समुदाय में नीलकंठ दर्शन और सोने अर्थात शमी के पत्ते का अर्पण शुभकारी है।

त्यौहार सम्पन्न होने तक सागौन के पत्तों की पोटिया भी नहीं बनाए जा सकते बाँस काटना भी वर्जित है। सागौन के पत्तों की तह करके बंडल बनाने को पोटिया कहते हैं, ये पोटिया घर की छपरी आदि बनाने के लिए वाटर प्रूफ का काम करते हैं। मुठवा देव की पूजा से पहले हनुमान की पूजा करते हैं। हनुमान को लंगोट और नारियल चढ़ाया जाता है। हनुमान की पूजा सबसे पहले करने की मान्यता के पीछे इनका तर्क है कि हनुमान रगटवा सामान अर्थात खून आदि स्वीकार नहीं करते। जबकि मुठवा देव को शराब व चूजा भेंट किया जाता है। मुठवा देव की पूजा के बाद पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव की पूजा होती है। पूजा के बाद सागौन या खाखरा के पत्तों में भोजन कराया जाता है। भोजन से निवृत्त होने के बाद सभी सागौन के छह-छह पत्ते तोड़ते हैं। इन छह पत्तों से पोटिया बनाते हैं। इस नियम को पूरा करने के बाद लोग सागौन के पत्ते तोड़ सकते हैं। ये परम्पाराएं आज भी पुरातन भाव से चलायमान है।

सनातन-हिन्दू धर्म का जनजातीय समाज एक अभिन्न अंग अपने विकासकाल से ही रहा है, यह अलग बात है कि सभ्यताओं के विकास एवं लगातार आक्रमणों के कारण जनजातीय समाज के स्थान परिवर्तन एवं परम्पराओं, संस्कृति, विवाह, रीतिरिवाज, पूजा पध्दति, बोली एवं कार्यशैली में भले ही आंशिक अन्तर दिखता हो। किन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष में सनातन हिन्दू समाज की जनजातीय एवं गैर जनजातीय इकाइयों का मूल तत्व एवं केन्द्र हिन्दुत्व की धुरी ही है।

(चिंतन-मनन)

# जीवन में विचार की आवश्यकता

कुटिल एवं असत्य विचार से मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंत-करण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मन- प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर , नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनिश्चित दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा। संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो? तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं? तुम गीली मिट्टी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निदरेष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बाह्य अंगों में पूर्णत- व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर , अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है। कितनी ही शक्तियों से कार्य न लेकर तुम उन्हें पुंठित कर डालते हो। अन्य व्यक्ति उसी शक्ति को किसी विशेष दिशा में मोड़कर उसे अधिक परिपुष्ट एवं विकसित कर लेते हैं। अपनी शक्तियों को जाग्रत, विकसित कर लेना या शिथिल पंगु बना लेना स्वयं के हाथ में है। यदि तुम मन की गुप्त महान सामर्थ्यरे को जाग्रत कर लो और लक्ष्य की ओर प्रयत्न और उत्साहपूर्वक अग्रसर होना सीख लो तो जैसा चाहो आत्म निर्माण कर सकते हो। मनुष्य के मन में जिन महत्वाकांक्षाओं का उदय होता है और जो-जो आशापूर्ण तरंगें उदित होती हैं, वे अवश्य पूर्ण हो सकती हैं, यदि वह दृढ़ निश्चय द्वारा अपनी प्रतिभा जगा लें।

विचार मंथन

# हरियाणा के आश्चर्यजनक विधानसभा चुनाव परिणाम चुनाव आयोग चर्चाओं में

(लेखक- सनत जैन)

जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतगणना चल रही है। मतगड़ना के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर बवाल देखने को मिल रहा है। एग्जिट पोल के रुझान और शुरुआती मतगणना के रुझान के बाद जिस तरह से हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। उसके बाद तरह-तरह की आशंकाएं और संदेह सामने आते चले गए। लोग समझ ही नहीं पाए, कि ईवीएम में यह कैसा चमत्कार हुआ है। जिसके कारण अप्रत्याशित चुनाव परिणाम का रुझान देखने को मिल रहा है। चुनाव आयोग का जो पोर्टल है, मतगणना केंद्रों मे सातवें चरण की मतगणना हो रही थी। चुनाव आयोग के पोर्टल में पहली और दूसरे चरण की मतगणना दिखाई जा रही थी। चुनाव आयोग का पोर्टल काफी विलंब से जानकारी दे रहा था। चुनाव आयोग का पोर्टल कई कई घंटे बाद अपग्रेड हो रहा था। चुनाव आयोग द्वारा मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी की गई। वह अपनी ओर से मतगणना की जानकारी को नहीं दिखाएं। मीडिया हाउस को बोला गया कि केवल चुनाव आयोग के पोर्टल की जानकारी को ही प्रसारित करें। ऊसके कारण आशंका और बवाल देखने को मिलने लगा। कांग्रेस पार्टी अपनी शिकायतों का पुलिंदा लेकर चुनाव आयोग के पास शिकायत करने के लिए पहुंच गई। चुनाव आयोग उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई करेगा। यह सभी को मालूम है। कांग्रेस कितनी भोली है, जो सब कुछ जानते हुए भी चुनाव आयोग के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंच गई। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर जिस तरह के दावे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ने मतदान होने के पहले ही दावा कर दिया था, इस बार हरियाणा के विधानसभा चुनाव परिणाम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह सभी को आश्चर्यचकित करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं अन्य भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने मतदान के बाद और मतगणना के पहले इसी तरह के दावे किए थे। वह दावे अब चुनाव परिणाम में परिवर्तित होते हुए दिख रहे हैं। इस बार हरियाणा के चुनाव परिणाम सबको आश्चर्यचकित करेंगे। यदि यह दावा प्रधानमंत्री ने किया था,तो उसे सच साबित करके भी दिखाया है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जमीनी हकीकत को लेकर पिछले 15 दिनों में फील्ड पर आम जनता का जो रुझान देखने को मिल रहा था। उसको देखते हुए यह कहां जा रहा था कि यह चुनाव जनता लड़ रही है। हरियाणा की जनता जनता भारतीय जनता पार्टी को इस बार चुनाव हरा रही है। हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ मिल रहा है। 50 से लेकर 65 सीटों तक कांग्रेस को मिलने का दावा मतदान के बाद एग्जिट पोल में भी देखने को मिला। मंगलवार को ज़ब मतगणना शुरू हुई। शुरूआती रुझान में एग्जिट पोल सही होते हुए दिखा। जैसे ही ईवीएम मशीन की गिनती शुरू हुई। उसके बाद हर चरण की गिनती के बाद भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ईवीएम में आंधी की तरह वोट गिरते हुए दिखे। हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा नेताओं को गांव में घुसने नहीं दिया जा रहा था जगह-जगह पर उनका विरोध हो रहा था। लगभग यह माना जा रहा था कि इस बार हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होंगे। इस बार 18 20 सीटों पर बीजेपी हरियाणा में सिमट कर रह जाएगी। हरियाणा मैं जिस तरह के चुनाव परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वह सचमुच सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। जो जीता वही सिकंदर की तर्ज पर हरियाणा में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनना तय हो गई है।

जम्मू कश्मीर में शायद भाजपा की सरकार नहीं बन पाए। लेकिन जम्मू कश्मीर में सारे अधिकार उपराज्यपाल के पास है। जम्मू कश्मीर में विपक्षी गठबंधन की यदि सरकार बनेगी। तो उसकी स्थिति भी दिल्ली सरकार की तरह ही होगी। वहां पर सरकार नहीं भी बनेगी,तो भी सरकार के सारे अधिकार उप राज्यपाल के पास हैं। कुछ ही महीनो में जम्मू कश्मीर में भाजपा को स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने मे कोई दिक्कत नहीं होगी।



## शेयर बाजारों में गिरावट से मस्क, अडाणी व अंबानी को हुआ अरबों डॉलर का नुकसान

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी रही, जिससे वैश्विक अमीरों की संपत्तियों पर भी असर डाला है। अमेरिकी शेयर बाजारों में गिरावट से दुनिया के 20 में से 16 प्रमुख अरबपतियों की नेटवर्थ में गिरावट आई है। सबसे ज्यादा नुकसान टेस्ला के मालिक एलन मस्क को हुआ है, जिनकी संपत्ति में 6.61 अरब डॉलर की गिरावट आई। वहीं, ऐमजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस ने 5.12 अरब डॉलर गंवाए और भारत के उद्योगपति गौतम अडानी की संपत्ति में 3.26 अरब डॉलर की गिरावट आई। एशिया के सबसे अमीर इंसान मुकेश अंबानी को 1.16 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी की कुल संपत्ति 96.2 अरब डॉलर है, जिससे वह दुनिया के अमीरों की सूची में 18वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति 11.9 अरब डॉलर बढ़ी थी। मुकेश अंबानी इस सूची में 14वें नबर पर हैं और उनकी संपत्ति इस साल 104 अरब डॉलर है। एलन मस्क 256 अरब डॉलर के साथ दुनिया के सबसे अमीर इंसान बने हुए हैं, जबकि मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस और बर्नार्ड अरनॉल्ट अन्य शीर्ष स्थानों पर हैं। भारत के शेयर बाजार में सोमवार को सेंसेक्स 638 अंक गिर गया था, जिससे निवेशकों को करीब 20 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## स्पाइसजेट अपने बेड़े में 10 विमान और शामिल करेगी

**मुंबई ।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट अगले महीने तक अपने बेड़े में 10 विमान और जोड़ेगी। पहला विमान 10 अक्टूबर को बेड़े में शामिल किया जाएगा। स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि इनमें से सात विमान पट्टे पर लिए जाएंगे, जबकि बंद खड़े तीन विमानों को पुनः बेड़े में शामिल किया जा रहा है। लाइव एयरक्राफ्ट फ्लीट ट्रैकिंग वेबसाइट प्लेनस्पॉटर.नेट के अनुसार, गुरुग्राम मुख्यालय वाली विमानन कंपनी के पास केवल 19 विमान परिचालन में हैं, जबकि आठ अक्टूबर तक उसके 36 विमान बंद खड़े थे। स्पाइसजेट के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह अतिरिक्त विमान (10 विमान) महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ अपनी परिचालन क्षमताओं को भी मजबूत कर रहे हैं। यह घोषणा स्पाइसजेट के पिछले महीने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये की नई पूंजी प्राप्त करने के बाद की गई है।

## इंडोस्पेस की तमिलनाडु में 4,500 करोड़ तक का निवेश बढ़ाने की योजना




**मुंबई।** लॉजिस्टिक्स पार्क परिचालक इंडोस्पेस की योजना तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स तथा वेयरहाउस पार्कों में 4,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विनिर्माण क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार इंडोस्पेस ने तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस पार्कों में अपने निवेश को 4,500 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। ये पार्क राज्य में मोटर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक जैसे बढ़ते विनिर्माण क्षेत्रों का समर्थन करेंगे। इंडोस्पेस ने कहा कि इस निवेश से 8,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होने के अलावा आर्थिक वृद्धि में तेजी आने तथा राज्य के पहले से ही विश्वसनीय औद्योगिक बुनियादी ढांचे के और मजबूत होने की उम्मीद है। इंडोस्पेस ने पिछले साल तमिलनाडु सरकार के साथ राज्य के लॉजिस्टिक्स उद्योग में 2,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

# एसबीआई ने क्रेडिट कार्ड के नियमों में किया बड़ा बदलाव

**- 1 नवंबर से लागू होंगे नियम**

**नई दिल्ली ।**

देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने क्रेडिट कार्ड के नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। नए नियम अगले महीने 1 नवंबर से लागू होंगे। बैंक ने क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी बिल के पेमेंट करने पर 1 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने का फैसला किया है। इससे पहले भी कई बैंक और कार्ड कंपनियां एक तय लिमिट के बाद यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी शुल्क लेना शुरू कर चुके हैं। एसबीआई के क्रेडिट कार्ड के जरिए एक स्टेटमेंट साइकिल में 50 हजार रुपये से ज्यादा के यूटिलिटी बिल पेमेंट पर 1 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। हालांकि, 50 हजार रुपये के नीचे यूटिलिटी बिल पेमेंट पर कोई अे तिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एसबीआई ने शौर्य/डिफेंस क्रेडिट कार्ड को छोड़कर सभी अनसिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड के फाइनेंस चार्ज में भी बदलाव किया है। अब




एसबीआई के अनसिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड पर 3.75 फीसदी वित्तीय शुल्क लगेगा। यह नियम भी 1 नवंबर से लागू होंगे। गौरतलब है कि अनसिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड वैसे क्रेडिट कार्ड होते हैं जिसके लिए कोई सिक्योरिटी डिपॉजिट या कॉलेटरल नहीं देना होता है जबकि सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड वैसे क्रेडिट कार्ड होते हैं जो फिक्स्ड डिपॉजिट के बदले दिए जाते हैं।



## चाय निर्यात सालाना आधार पर 23.79 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता ।** देश का चाय निर्यात इस साल जनवरी से जुलाई के बीच सालाना आधार पर 23.79 प्रतिशत बढ़कर 14.45 करोड़ किलोग्राम हुआ। चाय बोर्ड के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2023 की सामाना अवधि में निर्यात 11.67 करोड़ किलोग्राम रहा था। हालांकि, निर्यात से प्राप्ति 2024 के पहले सात महीनों में सालाना आधार पर 264.96 रुपए प्रति किलोग्राम से घटकर 256.37 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। इस बीच, चाय बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय ने चाय उद्योग के विकास और संवर्धन के लिए 664.09 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है।

## ओला इलेक्ट्रिक के स्कूटर्स से ग्राहक संतुष्ट नहीं, सरकार ने भेजा नोटिस, शेयर गिरे



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक के शेयर में मंगलवार को फिर गिरावट आई। कारोबार की शुरुआत में शेयर गिरकर 86 रुपए पर पहुंच गया, लेकिन बाद में इसमें हल्की रिकवरी हुई और सुबह 10:44 के करीब यह 2 फीसदी की गिरावट के साथ 89 रुपए पर था। ओला इलेक्ट्रिक के ईवी स्कूटर्स को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार ग्राहक असंतोष जता रहे हैं। ईवी स्कूटर्स की क्वालिटी और सर्विस में आ रही दिक्कतों को लेकर सरकार की ओर से कंपनी को नोटिस भी दिया गया है। दोपहिया ईवी कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि उन्हें सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कंपनी ने कहा कि नोटिस का जवाब देने के लिए उन्हें 15 दिनों का समय दिया गया है। कंपनी समर्थित दस्तावेजों के साथ जवाब देगी। कारण बताओ नोटिस में कहा गया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ओला इलेक्ट्रिक की ओर से कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट, 2019 के कई प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। अथॉरिटी की ओर से मैन्युफैक्चरिंग संबंधित खराबी, बुकिंग रद्द होने पर रिफंड नहीं देना, सर्विसिंग के बाद भी खराबी, बैटरी समस्या, ज्यादा पैसे वसूल करने जैसी शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन, जिसे उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से चलाया जाता है, को पिछले साल सितंबर से ओला इलेक्ट्रिक से जुड़ी करीब 10,644 शिकायतें मिली थी। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को आ रही समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी देखी गयी। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। वहीं पिछले छह दिनों से बाजार में गिरावट थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी भाजपा को मिली जीत से भी बाजार में उत्साह आया। वहीं आज निवेशकों ने शेयरों की जबरदस्त खरीदारी की। जिसका असर बाजार पर दिखा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 0.72 फीसदी या 584.81 अंक बढ़कर 81,634.81 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 50 217.40 अंक या 0.88 फीसदी बढ़कर 25,013.15 के लेवल पर बंद हुआ। बीएसई में आज कुल मिलाकर 4045 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। जिसमें से 3,021 शेयरों में बढ़त दर्ज की गयी। जबकि 923 शेयरों ने गिरावट रही। इसी प्रकार एनएसई पर भी 2,880 शेयरों में कारोबार हुआ और इसमें से 2,234 शेयर ऊपर आये जबकि, 568 शेयर नीचे आये। पिछले कई दिनों से एफपीआई चीन के शेयरों में निवेश को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। चीन में सरकारी प्रोत्साहन से विदेशी निवेशकों का रुख उसकी ओर बढ़ा है। पिछले 6 कारोबारी दिनों के दौरान एफआईआईएस ने करीब 6 अरब डॉलर के शेयरों की बिक्री की है।

### सेक्टोरल इंडेक्स के क्या हाल

आज 13 प्रमुख सेक्टरों में से 12 में तेजी रही। हाई वेटेज वाले निफ्टी वित्तीय सेवाओं के शेयर 1 फीसदी तक बढ़ गए। शेयर बाजार की सबसे बड़ी तेजी निफ्टी मीडिया शेयरों में देखने को मिली। निफ्टी मीडिया सेक्टर ने आज 3.11 फीसदी की उछाल दर्ज की। इसके अलावा, निफ्टी बैंक 1.07 फीसदी , निफ्टी ऑटो 1.66 फीसदी , निफ्टी फार्मा 1.44 फीसदी , निफ्टी पीएसयू बैंक 1.35 फीसदी और निफ्टी ऑयल एंड गैस सेक्टर में 1.27फीसदी का उछाल आया। निफ्टी मेटल में आज 0.93 फीसदी की गिरावट देखी गई।

निफ्टी में आज सिर्फ 14 शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। आज का टॉप गेनर स्टॉक टाटा ग्रुप का ट्रेंट रहा। ट्रेंट के शेयर आज 7.95 फीसदी की बढ़त के साथ लगातार दूसरे दिन शीर्ष पर रहे। इसके अलावा, बीईएल, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, कोल इंडिया, अपोलो हॉस्पिटल्स, रिलायंस, एचडीएफसी बैंक के शेयर 2 फीसदी से ज्यादा बढ़त बनाकर बंद हुए।



वहीं सबसे बड़ी गिरावट एसबीआई लाइफ के शेयरों में देखने को मिली। इसके शेयर आज 3.24फीसदी नीचे आये। इसके अलावा, टाटा स्टील, टाइटन, बजाज फिनसर्व, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को, बजाज फाइनेंस, विप्रो, हिंदुस्तान यूनिलिवर, आईटीसी, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, टीसीएस और भारती एयरटेल के शेयर नीचे आये। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो यूरोपीय बाजार निचले स्तर पर कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी बाजार में भी कमजोरी रही। एशियाई बाजारों में, टोक्यो, हांगकांग और सियोल के शेयर नीचे आये। शंघाई में हालांकि तेजी रही। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले पर अन्य एशियाई बाजारों की कमजोरी के कारण जल्द ही अपनी बढ़त खोकर लाल निशान में चले गए। वहीं चीन के बाजारों में तेजी दर्ज की गई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 139.6 अंकों की बढ़त के साथ 81,189.68 पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 50 भी 36 अंकों की बढ़त के साथ 24,832 पर कारोबार करता नजर आया

# भारत-यूएई निवेश समझौते में बदलाव, विवाद निपटान समयसीमा घटी: पीयूष गोयल

**- विवाद निपटान की समयसीमा 5 वर्षों से घटाकर 3 वर्ष की गई है, जो बीआईटी की शर्तों के अनुरूप नहीं**

**नई दिल्ली ।**

भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हाल में हुए एक समझौते में बड़ा बदलाव किया है। जिसके मुतो बिक विवाद निपटान की समयसीमा 5 वर्षों से घटाकर 3 वर्ष कर दी गई है, जो आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) की शर्तों के अनुरूप नहीं है। अगर इस अवधि के दौरान भारत का न्याय तंत्र दो देशों के बीच निवेश समझौते पर विवाद नहीं सुलझा पाया तो विदेशी निवेशक अंतरराष्ट्रीय पंचाट में अपील कर सकते हैं। भारत ने यूएई के साथ 13 फरवरी को अबू धाबी में एक निवेश समझौता किया था मगर यह 31 अगस्त से प्रभावी हो पाया। दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद निवेश समझौता पिछले महीने खत्म हो गया था। भारत ने यूएई के साथ समझौते में शेयर एवं बॉन्ड को सुरक्षित निवेश के तौर पर रखा है।

आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि में केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को ही सुरक्षा मिली है और शेयर एवं बॉन्ड जैसे पोर्टफोलियो निवेश शामिल नहीं किए गए हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और स्पष्ट एवं स्थिर कर प्रणाली शुरू हो पाएगी। उन्होंने कहा कि अगर निवेशकों को लगेगा कि उन्हें न्याय नहीं मिला है तो इस समझौते के तहत वे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में भी अपील कर सकते हैं। गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्च-स्तरीय संयुक्त कार्य बल की 12वीं बैठक के बाद मीडिया से कहा कि विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई। कुछ भारतीय कंपनियों को लगता है कि यूएई के साथ कुछ समस्या हैं और यूएई की कंपनियों को भी कभी-कभी ऐसा लगता है। बीआईटी के जरिये दोनों पक्ष इन समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं। गोयल के साथ यूएई के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भी बैठक की अध्यक्षता की थी। किंतु विशेषज्ञों को लगता है कि समयसीमा पांच वर्ष से घटाकर तीन वर्ष करने से देश के भीतर ही विवाद निपटाने की भारत की क्षमता कमजोर हो सकती है और बार-बार अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की जरूरत पड़ेगी।



## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 4 पैसे की बढ़त के साथ ही 83.96 रुपये पर बंद हुआ। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया शुरुआती कारोबार में छह पैसे की बढ़त के साथ 83.94 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव और विदेशी पूंजी निकासी से रुपये की बढ़त सीमित बनी रही। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.97 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 83.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया और फिर 83.94 प्रति डॉलर पर खिसक गया। ये पिछले बंद भाव के मुकाबले छह पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.00 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी नीचे आकर 102.39 पर रहा।

# क्विक कॉमर्स क्षेत्र में उतारी रिलायंस रिटेल.....जिओमार्ट से 15 मिनट में सामान पाए

**अभी कुछ बड़े शहरों में सेवा शुरु**

**मुंबई ।**

देश की सबसे बड़ी रिटेल कंपनियों में शुमार रिलायंस रिटेल ने आधिकारिक तौर पर तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स क्षेत्र में प्रवेश किया है। इससे जोमैटो की ब्लिंकइट, स्विग्गी इंस्टामार्ट और बिग बॉस्केट जैसी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। कंपनी ने अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जिओमार्ट के जरिए पिछले वीकेंड नवी मुंबई और बेंगलुरु के कुछ क्षेत्रों में क्विक कॉमर्स सेवाएं शुरू कीं। शुरुआत में, रिलायंस अपने 3,000 रिटेल स्टोर्स के नेटवर्क से किराने का सामान बेचना शुरू करेगी। हालांकि, कंपनी की योजना भविष्य में वैल्यू फैशन और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों जैसे स्मार्टफोन, लैपटॉप और स्पीकर्स जैसी चीजों को भी शामिल करने की है। कंपनी के अनुसार, ये सेवाएं रिलायंस के मौजूदा स्टोर्स के नेटवर्क के माध्यम से पूरी होगी। इन नेटवर्क में रिलायंस डिजिटल और ट्रेंड्स के आउटलेट्स शामिल हैं। रिलायंस इस महीने के अंत तक पूरे भारत में अपनी क्विक कॉमर्स सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रहा है। कंपनी का लक्ष्य है कि अधिकतर ऑर्डर्स 10-15 मिनट में और बाकी 30 मिनट के भीतर पहुंचा दिए जाएं। समय पर डिलीवरी के लिए कंपनी अपने लॉजिस्टिक्स का उपयोग करेगी, जिसे उसने पहले अधिग्रहित किया था। दूसरे क्विक कॉमर्स ऑपरेटर्स की तरह लोकल वेयरहाउस पर निर्भर रहने के बजाय, रिलायंस अपने रिटेल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेगी। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस रणनीति से 30 मिनट के भीतर डिलीवरी में चुनौतियां आ सकती हैं, खासकर उन शहरों में जहां ट्रैफिक की समस्या होती है। ग्राहकों को लुभाने के लिए रिलायंस ने डिलीवरी शुल्क, प्लेटफॉर्म शुल्क या सर्ज शुल्क नहीं लगाने का फैसला किया है, चाहे ऑर्डर का साइज कितना छोटा या फिर बड़ा हो। यह रणनीति ब्लिंकइट, स्विग्गी इंस्टामार्ट से बिलकुल अलग है, जो डिलीवरी के लिए अतिरिक्त शुल्क लेते हैं। रिलायंस का फोकस छोटे शहरों और कस्बों पर है, जहां अभी तक क्विक कॉमर्स का अधिक विस्तार नहीं हुआ है।

# ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खरीदी की रफ्तार में हुआ इजाफा




**नई दिल्ली ।**

देश के छोटे इलाकों में भी अब ई-कॉमर्स से खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 72 फीसदी ग्राहकों का कहना है कि उन्होंने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अपनी खरीदी बढ़ा दी है। 21 फीसदी ने कहा कि वे पहले की ही जितना खरीदी कर रहे हैं। सात फीसदी ने हालांकि कम शॉपिंग की है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स क्षेत्र दूसरे व तीसरे स्तर के शहरों में तेजी से बाजार बढ़ा रहा है। मध्यम वर्ग के लोगों की आय में इजाफा हो रहा है। ऐसे में ई-कॉमर्स को इससे मदद मिल रही है।

रिपोर्ट के अनुसार ई-कॉमर्स बाजार के 2023 के अंत तक 85 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद थी। रिपोर्ट के अनुसार 59 फीसदी का मानना है कि ई-कॉमर्स पर कम दाम में अच्छा सामान मिलता है। इसलिए वे खरीदी करते हैं। 59 फीसदी लोग सुविधाओं की वजह से जाते हैं। 56 फीसदी ने कहा, पसंद का सामान न होने पर उन्हें रिटर्न करने में सुविधा मिलती है। 51 फीसदी इसलिए खरीदी करते हैं क्योंकि उनको विशेष ऑफर्स मिलते हैं। सात फीसदी ने कहा कि उनकी खरीदी का अनुभव अच्छा है। सर्वे में 45 फीसदी लोगों ने कहा कि वे क्विक कॉमर्स से ग्रॉसरी मंगाते हैं, क्योंकि इसकी डिलीवरी जल्दी होती है। महानगरों में 49 फीसदी तो प्रथम स्तर के शहरों में 47 फीसदी लोग क्विल कॉमर्स से सामान मंगाते हैं। 50 फीसदी महिलाएं भी इसी प्लेटफॉर्म का उपयोग करती हैं। 43 फीसदी पुरुष उपयोग करते हैं।रिपोर्ट में कहा कि नवाचार, डिजिटल परिवर्तन और आपूर्ति श्रृंखला दक्षता के लिए एक समर्पित उपभोक्ता क्षेत्र परिषद बनाना चाहिए। इस कदम से हमें दो लाख करोड़ डॉलर के उपभोक्ता बाजार की उपलब्धि हासिल करने की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं।

# सरकार दुबई में खोलेगी इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय




**मुंबई ।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ने भारत में निवेश करने के इच्छुक संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों की सुविधा के लिए दुबई में इन्वेस्ट इंडिया का कार्यालय खोलने का फैसला किया है। गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बाद मीडिया से यह भी कहा कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का पहला विदेशी परिसर दुबई में स्थापित किया जाएगा। यह संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले 35 लाख भारतीय समुदाय के लिए एक वरदान होगा। बैठक के दौरान गोयल और अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान की सह-अध्यक्षता में दोनों पक्षों ने कई प्रमुख फैसलों पर प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न निर्णयों को तेजी से लागू किये जाने पर संतोष व्यक्त किया। इन उपायों में स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार, भारत और संयुक्त अरब अमीरात की भुगतान प्रणालियों का एकीकरण, सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्राओं पर सहयोग और अहमदाबाद में एक 'फूड पार्क' का विकास शामिल हैं। गोयल ने कहा कि भारत-यूएई साझेदारी नवोन्मेष, निवेश और सतत विकास पर आधारित है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 2013 में कार्यबल की स्थापना की गई थी। संयुक्त कार्यबल ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता के कामकाज की समीक्षा की।गोयल ने कहा कि इस समझौते के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। 2024 की पहली छमाही में तेल के अलावा अन्य क्षेत्रों में व्यापार बढ़कर 28.2 अरब डॉलर हो गया। यह सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत अधिक है।

# एडीबी महाराष्ट्र में तटीय संरक्षण के लिए 42 मिलियन डालर ऋण देगी

**नई दिल्ली ।**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने महाराष्ट्र में तटीय और नदी तट संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए 42 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी के एक आधिकारिक बयान के अनुसार स्वीकृत ऋण स्थानीय समुदायों और प्राकृतिक संरक्षण पारिस्थितिकी तंत्रों के लचीलेपन को बढ़ाने में मदद करेगा। एडीबी ने कहा कि महाराष्ट्र में इस ऋण के इस्तेमाल से सतत जलवायु-लचीलेपन के लिए तटीय संरक्षण और प्रबंधन परियोजना के तहत अपतटीय चट्टानें, शीट पाइल्स, समुद्र तट पोषण और वनस्पति रोपण जैसे काम किए जाएंगे ताकि समुद्र तट की स्थिति को बहाल और स्थिर रखा जा सके। एडीबी जल संसाधन विशेषज्ञ कहते हैं कि यह परियोजना अपतटीय रीफ निर्माण और चट्टान संरक्षण कार्यों जैसे नए इंजीनियरिंग हाइब्रिड दृष्टिकोणों को अपनाने के लाभों से संबंधित है। इसके साथ ही समुद्र तट और टीलों के पोषण जैसे नरम प्रकृति-आधारित समाधान भी इसके जरिए हासिल किए जा सकेंगे।



# भारतीय टीम दूसरे टी20 में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 मैच को जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम ने ग्वालियर में हुआ पहला टी20 आसानी से जीत लिया था। अब मेजबान टीम का लक्ष्य अपनी जीत के सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम बांग्लादेश भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी पर उसके लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। भारतीय टीम अब तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी में उसे कहीं आगे रही है।

प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बाद भी भारतीय टीम ग्वालियर में पहले मैच में अंत तक हावी रही। इससे भारतीय टीम की मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ का पता चलता है। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

सैमसन आमतौर पर मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं पर पहले मैच में उन्होंने पारी की शुरुआत की थी। वह 19 गेंद पर 29 रन ही बनाकर आउट हो गये थे। वहीं कप्तान सूर्यकुमार का कहना है कि सैमसन सीरीज में आगे भी पारी की शुरुआत करेंगे। वहीं सैमसन के साथ पारी की शुरुआत करने वाले अभिषेक शर्मा पिछले मैच में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए थे। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को आराम दिए जाने के कारण सैमसन और अभिषेक को खेलने का अवसर मिला है जिसका ये दोनो ही पूरा लाभ उठाना चाहेंगे।

भारतीय टीम में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। अपना पहला मैच खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने ग्वालियर में शानदार प्रदर्शन किया था और ऐसे में वह टीम में बने रहेंगे। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने तेज गेंदबाजी की कमान संभाली थी जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने तीन साल के बाद शानदार वापसी की थी। इसके अलावा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की बात करें तो उसे जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में उसके बल्लेबाज विफल रहे थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने भी मैच के बाद स्वीकार किया था कि उनके बल्लेबाज रन नहीं बना पाये पर कहा कि इस मैच में उसकी टीम वापसी के सभी प्रयास करेगी।



### टीम

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी/तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव

**बांग्लादेश** = नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान),तंजीद हसन, लिटन दास (विकेटकीपर), तौहीद हृदोय, महमुदुल्लाह, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम

# भारत/ऑस्ट्रेलिया: हरवंश पंगालिया का शतक, भारत के पहली पारी में 492 रन



**चेन्नई (एजेंसी)।** हरवंश पंगालिया (117) की शतकीय और नित्या पांडे (94), केपी कार्तिकेय (71), निखिल कुमार (61) कप्तान सोहम पटवर्धन (63) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत की अंडर-19 टीम ने दूसरे टेस्ट मैच में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 492 का स्कोर खड़ा किया है।

आज यहां चेपक स्टेडियम में भारतीय टीम ने कल के पांच विकेट पर 316 रन से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में तीन रन का इजाफा हुआ था कि ओली पैटरसन ने कप्तान सोहम पटवर्धन (63) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्मद एनान (26), समर्थ नागराज (20), चेतन शर्मा (शून्य) पर आउट हुए। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये हरवंश पंगालिया शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 143 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली। अनमोलजीत सिंह 11 रन बनाकर नाबाद रहे। भारतीय अंडर-19 टीम ने 133.3 ओवर में 492 रन बनाए।

इससे पहले कल भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल चार रन के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (3) आउट होकर वापस पैवेलियन लौट गए। वैभव को होकेस्ट्रा ने ली यंग के हाथों आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विहान मल्होत्रा एवं नित्या पांड्या ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। मल्होत्रा (10) को रामकुमार ने बोल्ड आउट कर दिया।

इसके बाद नित्या पंड्या और केपी कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 172 रनों की साझेदारी की। इस दौरान नित्या पांड्या (94) शतक से चूक गए। पांड्या को होकेस्ट्रा ने रानाल्डो के हाथों कैच आउट कराया। केपी कार्तिकेय ने 71 रन बनाए। उन्हें होवे ने ओ'कॉनर के हाथों कैच आउट कराया। पांचवें विकेट के रुप में निखिल कुमार (61) रन बनाकर आउट हुए। निखिल को पैटरसन ने होवे के हाथों कैच आउट कराया।

दो मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। ऑस्ट्रेलिया की ओर हेरी होकेस्ट्रा, ओली पैटरसन, क्रिश्चन होवे और लैकलन रानाल्डो ने दो-दो विकेट लिए जबकि विश्वास रामकुमार और रिले किंग्सेल को एक-एक विकेट मिला।

# वे उसे बाहर कर देंगे, पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने संजू सैमसन को दी चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन 9 साल पहले 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बावजूद फिर से भारतीय क्रिकेट टीम में स्थायी स्थान पाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। खेल के सबसे छोटे प्रारूप से विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाने का फैसला किया है। ग्वालियर के न्यू माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में सीरीज के पहले मैच में सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की। सैमसन ने अपनी टाइमिंग और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 19 गेंदों पर 29 रन बनाए, लेकिन जल्दी आउट होने के कारण वह ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने आगामी मैचों में निरंतरता की आवश्यकता पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि अगर सैमसन अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उन्हें बाहर किया जा सकता है।

चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'वह अच्छा है। उसने 29 रन बनाए। मेरी एकमात्र बात यह थी कि चूंकि वह यहां तक पहुंच गया है, इसलिए उसे थोड़ा और आगे बढ़ना चाहिए। उसे कुछ और रन बनाने चाहिए क्योंकि अन्यथा, वे उसे छोड़ देंगे। वह अंदर-बाहर (साइड से) और ऊपर-नीचे (बल्लेबाजी क्रम) होता रहता है।' चोपड़ा ने ग्वालियर में मैच के दौरान सैमसन के शॉट-मेकिंग में उनकी शान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'आपको संजू सैमसन के बारे में बात करने की जरूरत है। अभिषेक शर्मा रन आउट होने तक आश्चर्यजनक रूप से अच्छा खेल रहे थे, लेकिन संजू ने कितना अच्छा खेला? गौतम गंभीर ने बहुत पहले कहा था कि अगर संजू सैमसन भारत के लिए नहीं खेलते हैं, तो यह भारत का नुकसान है। उन्हें ओपनिंग करने के लिए बनाया गया था। उनका शानदार टच देखा गया। वह गेंद को जोर से नहीं मार रहे थे; ऐसा लग रहा था कि वह गेंद को चोट नहीं पहुंचाना चाहते थे और वह एक के बाद एक चौके लगा रहे थे।'

# टी20 महिला विश्वकप : श्रीलंका के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ जीत से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम बुधवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टी20 विश्वकप के ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच को बड़े अंतर से जीतना चाहेगी। भारतीय टीम का रन रेट अब तक अन्य टीमों से कम है जिससे वह इसे बढ़ाने पूरी ताकत लगा देगी।

भारतीय टीम बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैच में उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही। उसे अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रनों से हार का सामना करना पड़ा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 106 रन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे 18.5 ओवर खेलने पड़े। ऐसे में टीम को उम्मीद रहेगी कि शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना इस मैच में अधिक से अधिक रन बनायें।

शैफाली ने जहां पहले दो मैच में दो और 32 रन बनाए वही मंधाना 12 और सात रन ही बना सकी। इससे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ गया। वहीं अभी तक दो मैच में 15 और 29 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर भी गर्दन में दर्द के कारण बाहर हैं। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ उनका खेलना तय नहीं है।

हरमनप्रीत पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गई थी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा था। ऐसे में अब जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रिचा घोष को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 19 रन देकर तीन विकेट हासिल लिए थे पर । अन्य तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर को भी इस मैच में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। वहीं भारतीय टीम स्पिनर दीप्ति शर्मा पर बहुत अधिक निर्भर है पर वह टूर्नामेंट में अभी तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पायी हैं। वहीं युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर आशा शोभना ने भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में भारतीय टीम को जीत के लिए हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।



वहीं श्रीलंका की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीती है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में बड़ी जीत दर्ज कर वापसी करना रहेगा। एशिया कप फाइनल में उसने भारतीय टीम को हराया था और वह एक बार फिर उसे दोहराना चाहेगी।


### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत**- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल , सजना सजीवन

**श्रीलंका**- चमारी अटापट्टू (कप्तान), विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अनुष्का संजीवनी (विकेटकीपर), नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, अमा कंचना, इनोशी प्रियदर्शनी, शशिनी गिम्हानी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, सचिनी निसानसाला, उदेशिका प्रबोधनी , इनोका राणावीरा।

# मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर जाने जाते हैं वरुण

नई दिल्ली। मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती ने भारतीय टीम में शानदार वापसी की है। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच में 31 रन देकर 3 विकेट लिए और बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वरुण की लेग स्पिन गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये। वरुण ने पहले साल 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एक मैच विश्वकप में खेला था। वरुण खेल के साथ ही पढ़ाई में भी आगे रहे। वह आर्किटेक्ट हैं पर क्रिकेट के जुनून के कारण उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। उन्होंने चेन्नई के एक कॉलेज से आर्किटेक्चर में डिग्री हासिल की और बतौर फ्रीलांस आर्किटेक्ट नौकरी करने लगे थे पर उनका मन क्रिकेट से दूर नहीं रह पाया और सब कुछ छोड़कर वह खेल में उतर गये। वरुण ने तीन तक टीम में वापसी के लिए खास संघर्ष किया। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की। वरुण ने 13 साल की उम्र में क्रिकेट में खेलना शुरू किया था। 17 साल की उम्र तक वरुण विकेटकीपर के तौर पर खेलते रहे। शुरुआत में वह टेनिस गेंद से क्रिकेट खेलते थे। उसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाजी शुरु की पर चोटिल होने के कारण वह फिर वह स्पिन गेंदबाजी करने लगे। वरुण को रहस्यमयी स्पिनर इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनकी सभी छह गेंदें अलग अलग तरह की होती हैं। वह लेग ब्रेक, ऑफ ब्रेक, गूगली, कैरम बॉल, फ्लिपर, यॉर्कर और स्पिन भी करते हैं। वरुण ने अब तक 7 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 विकेट लिए हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलानाडु की ओर से खेलते हैं। इस स्पिनर ने साल 2018 में तमिलनाडु की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था।



# हॉकी इंडिया लीग भारतीय हॉकी की तस्वीर बदल सकती है: सलिमा टेटे

**बेंगलुरु। (एजेंसी )।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) युवा खिलाड़ियों के करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम के लिए मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' (टीम के वैकल्पिक खिलाड़ी) बनाने में मदद करेगी। इस साल के आखिर में शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित लीग की सात साल बाद वापसी हो रही है।

नए स्वरूप में एचआईएल में महिलाओं की अलग स्पर्धा पहली बार आयोजित होगी जो पुरुष प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। यह लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो आयोजन स्थलों रांची (महिला) और राउरकेला (पुरुष) में खेली जाएगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ तो महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें शिरकत करेंगी।

सलीमा ने कहा, 'मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद दोबारा शुरू हो रहा है और इस बार इसमें महिला लीग भी है। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना बढ़िया अवसर है। हमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों से मिलने, उनके साथ और उनके खिलाफ खेल कर बेहतर होने का मौका मिलेगा।'



उन्होंने कहा, 'इससे युवा खिलाड़ियों को भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की दिनचर्या से खेल को बेहतर समझने का मौका मिलेगा। करियर की शुरुआत में ही दबाव वाले पेशेवर माहौल में रहना उनके विकास के लिए अच्छा होगा।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि एचआईएल टीम से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद होगा जो उन्हें शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खुद को निखारने का मौका देगा।'

इस लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। प्रत्येक फ्रैंचाइजी को 24 खिलाड़ियों वाली टीम बनानी होगी जिसमें कम से कम 16 भारतीय (चार जूनियर खिलाड़ी अनिवार्य) और आठ अंतरराष्ट्रीय (विदेशी) खिलाड़ी शामिल होंगे। सलीमा ने कहा, 'नीलामी जल्द ही होने वाली है और शिविर में इसे लेकर काफी हलचल है। यह पहला सत्र है लिहाजा मैं रांची टीम के लिए ही खेलना पसंद करूंगी।' उन्होंने कहा, 'इस लीग में खेलने का अनुभव शानदार होगा। हम पहली बार बिल्कुल नई टीम, नए कोच, नए साथी खिलाड़ियों के साथ खेलेंगे और मुझे हॉकी इंडिया लीग के शुरू होने का इंतजार है।'

## हरमनप्रीत महिला टी20 रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचीं, स्मृति मंधाना को हुआ नुक्सान

दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर संयुक्त 12वें स्थान पर पहुंच गईं। हरमनप्रीत के साथ 12वें स्थान पर काबिज श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा के भी 610 रेटिंग अंक हैं। वहीं स्मृति मंधाना एक पायदान गिरकर पांचवें स्थान पर तो जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान गिरकर 20वें स्थान पर आ गईं। दूसरी ओर गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल नौ पायदान ऊपर 29वें स्थान पर आ गईं। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर पांचवें स्थान पर बनी हुईं हैं। यह रैंकिंग संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे टी20 विश्व कप के दौरान जारी की गई।

# आईसीसी ने आचारसंहिता उल्लंघन के लिए अरुंधति को फटकार लगायी



दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को कड़ी फटकार लगायी है। अरुंधति पर पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप में आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा था। तेज गेंदबाज अरुंधति ने पाकिस्तान की निदा डार को आउट करने के बाद आक्रामकता दिखाने पर हुए निदा को पेवेलियन जाने का इशारा किया था। आईसीसी ने इससे आचार संहिता के खिलाफ बताया। अरुंधति ने पाक के खिलाफ मुकाबले में तीन विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईसीसी के एक बयान के मुताबिक, '' अरुंधति को खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी आचार संहिता तोड़ने का दोषी पाया गया है। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों' का उपयोग करने को लेकर है जिस अपमानजनक मानकर अउट होने वाला बल्लेबाज भड़क सकता है। '' अरुंधति को एक नकारात्मक अंक भी मिला है। यह 24 महीने के दौर में उनका पहला अपराध है।'' अरुंधति पर आरोप मैदानी अंपायर एलोइस शेरिडन और लॉरेन एजेनबैग के साथ तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर क्लेयर पोलोसाक ने लगाया थे। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार के अलावा मैच फीस की 50 फीसदी रकम और एक या दो नकारात्मक अंक शामिल हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें हारी

दुबई । दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला टीमों को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। पुरुष टीम को जहां दुबई में हुए एकदिवसीय मुकाबले में नई टीम आयरलैंड ने 69 रनों से हरा दिया। वहीं महिला टीम को शारजाह में हुए टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने हरा दिया। पुरुष टीम की बात करें तो जेसन स्मिथ ने 93 गेंद पर 91 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। वहीं महिला टीम को टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम से मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही 125 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार महिला टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने ग्रुप बी में दूसरी जीत दर्ज करते हुए 4 अंक हासिल किये। आयरलैंड की पुरुष टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 284 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 46.1 ओवर में 215 रन ही बना पायी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 285 रन का पीछा करते हुए जल्दी-जल्दी विकेट खो दिये। केवल स्टीवन स्मिथ की 93 गेंद पर 91 रन बना पाये।

# मुम्बई के 15 वीं बार ईरानी कप जीतने पर एमसीए ने दिया एक करोड़ रुपये का इनाम

मुम्बई । अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुम्बई ने शेष भारत को हराकर 15 वीं बार ईरानी कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है। मुंबई के लिए ये जीत इसलिए भी अहम है कयोंकि ये उसे 27 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली है। इसी खुशी में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उसे एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया है। रहाणे ने अपनी टीम की जीत का श्रेय टीम के मिलजुलकर किये प्रयासों को दिया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने को कहा गया था जिससे वह आत्मविश्वास' से भरे हुए थे। मुंबई ने पिछले हफ्ते लखनऊ में पहली पारी की बढ़त के आधार पर शेष भारत को पीछे कर 27 साल के बाद ये टूर्नामेंट जीता है।

# ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसले के पिता 2 करोड़ की पुरस्कार राशि से नाखुश, रखी ये बड़ी मांगे

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसले के पिता सुरेश कुसले ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित 2 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलने से नाखुश हैं। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अपने राज्य के ओलंपिक पदक विजेताओं को इससे कहीं अधिक राशि देता है। स्वप्निल ने ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीता था। वह महाराष्ट्र के कोल्हापुर के रहने वाले हैं। सुरेश कुसले ने सोमवार को कोल्हापुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनके बेटे को 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए।

सुरेश कुसले ने कहा, 'हरियाणा सरकार अपने प्रत्येक (ओलंपिक पदक विजेता) खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपए देती है (हरियाणा स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ रुपए और कांस्य विजेता को 2.5 करोड़ रुपए देता है)।' उन्होंने पूछा, 'महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित नई नीति के अनुसार, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपए मिलेंगे। राज्य ने ऐसे मानदंड क्यों बनाए हैं, जबकि स्वप्निल 72 वर्षों में महाराष्ट्र से केवल दूसरे व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता (1952 में पहलवान केडी जाधव के बाद) थे?'

भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह पदक जीते जिनमें से पांच व्यक्तिगत थे। पांच व्यक्तिगत पदक विजेताओं में से चार हरियाणा और एक महाराष्ट्र से था। दोनों राज्यों में पुरस्कार राशि में अंतर की तुलना करते हुए सुरेश कुसले ने कहा कि महाराष्ट्र की तुलना में हरियाणा बहुत छोटा राज्य होने के बावजूद अपने पदक विजेता एथलीटों को अधिक पुरस्कार राशि देता है। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार ने स्वर्ण पदक विजेता के लिए 5 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता के लिए 3 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेता के लिए 2 करोड़ रुपए की घोषणा की है। ऐसे मानदंड क्यों हैं, जबकि महाराष्ट्र के केवल दो खिलाड़ियों ने इतने वर्षों में व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीते हैं?'

उन्होंने कहा, 'अगर मुझे ऐसा पता होता तो मैं उसे किसी अन्य खेल में अपना करियर तलाशने के लिए राजी कर लेता। क्या स्वप्निल के साधारण पृष्ठभूमि से होने के कारण पुरस्कार राशि कम रखी गई है? अगर वह विधायक या मंत्री का बेटा होता तो क्या पुरस्कार राशि इतनी ही रहती?' इसके अलावा, सुरेश कुसाले ने पुणे में खेल परिसर में 50 मीटर थ्री-पोजिशन राइफल शूटिंग क्षेत्र का नाम अपने बेटे के नाम पर रखने की भी मांग की।

अपनी मांगों के बारे में पूछे जाने पर सुरेश कुसले ने कहा, 'स्वप्निल को पुरस्कार के रूप में 5 करोड़ रुपए, बालेवाड़ी खेल स्टेडियम के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए ताकि वह आसानी से अभ्यास के लिए आ-जा सके। स्वप्निल के नाम पर 50 मीटर थ्री-पोजिशन राइफल शूटिंग क्षेत्र रखा जाना चाहिए।' पेरिस में स्वप्निल की



उपलब्धि के बाद निशानेबाज को उसके नियोक्ता सेंट्रल रेलवे ने पदोन्नत किया और उसे विशेष ड्यूटी पर अधिकारी नियुक्त किया। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों सहित प्रमुख खेल आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि को दोगुना करने की घोषणा की।




स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।




# कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस होगी लाखों में इनकम

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

## इवेंट फोटोग्राफर

फोटोग्राफर बनने के लिए बस आपको एक कैमरे की जरूरत होती है जो कि 50 हजार से कम कीमत में कहीं से भी ले सकते हैं। इस काम के लिए आपके भीतर जुनून और किसी भी चीज की खूबसूरती देखने और उसे कैमरे में कैद करने का हुनर होना जरूरी है। लोगों के फैमिली फंक्शन, शादी, बर्थडे पार्टी, सोसाइटी के कार्यक्रमों आदि में फोटोग्राफर की डिमांड होती है। किसी भी इवेंट को यादगार बनाने के लिए फोटोग्राफी जरुरत बन गई है। ऐसे में आप फोटोग्राफी के जरिए अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लांइट को ढूंढ़ना होगा और उनको डील करानी होगी।



## ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।






## आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

## मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ात्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।



# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल




**आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।**

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखे

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है।

नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढ़ना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।



### ऐसा होना चाहिए ट्विटर अकाउंट

मार्केटिंग के क्षेत्र में उम्मीदवार के ट्विटर अकाउंट को देखने का चलन है। इससे पता चल जाता है कि उम्मीदवार का नेटवर्क कैसा है। ट्विटर प्रोफाइल को पब्लिक नहीं, प्रोफेशनल बनाएं। अपने करियर क्षेत्र से जुड़े ट्वीट डालें और फॉलो करें। अगर किसी कंपनी में सीनियर पोस्ट के लिए जा रहे हों तो 60 फीसदी ट्वीट आपकी इंडस्ट्री से जुड़े होने चाहिए।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से दो हिंदुओं समेत 3 अगवा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार देर रात दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों का अपहरण कर लिया गया। रहीम यार खान क्षेत्र में बंधक बनाए गए इन लोगों में दो अल्पसंख्यक हिंदू हैं। पाकिस्तान का चंबल कहलाने वाले इस इलाके में डकैतों के गिरोह फिर से सक्रिय हो गए हैं। अपहर्ताओं ने बंधकों को छोड़ने के बदले अपने एक साथी को रिहा करने की शर्त रखी है। पाकिस्तानी अंग्रेजी दैनिक डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, भोंग थाना क्षेत्र के कत्यावाली इलाके में डकैतों ने शमीर जी और धीमा जी को अगवा कर लिया। हमलावर उनके घर में घुसे और बंधक बनाकर कच्चा क्षेत्र में ले गए। कच्चा यहां का दस्यु बहुल इलाका है, जहां पिछले एक माह में 12 लोगों का अपहरण किया गया है।

### लंदन की सड़कों पर उतरे 40 हजार लोग, दुनियाभर में प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी।** गाजा युद्ध की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर दुनिया के सभी प्रमुख शहरों में लाखों लोग सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारी पश्चिम एशिया में चल रहे रक्तपात को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। लगभग 40,000 फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मध्य लंदन में मार्च किया। पेरिस, रोम, मनीला, केप टाउन व न्यूयॉर्क सिटी में भी हजारों लोग एकत्र हुए। कई अन्य यूरोपीय शहरों में भी प्रदर्शन हुए। वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास भी प्रदर्शन हुए, जिसमें गाजा व लेबनान में सैन्य अभियानों में इस्राइल के सहयोग का विरोध जताया गया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर प्रदर्शनकारियों ने काले व सफेद केफियेह स्कार्फ पहन रखा था। वे गाजा व लेबनान के समर्थन में नारेबाजी करते हुए इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे थे।

### ब्रसेल्स में हिरासत में लीं गई ग्रेटा थनबर्ग

**ब्रसेल्स , एजेंसी।** प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को तमाम प्रदर्शनकारियों के साथ हिरासत में लिया गया है। ये सभी जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के खिलाफ प्रदर्शन में बेल्जियम की राजधानी में प्रदर्शन कर रहे थे, इन सभी पर इस दौरान सड़क जाम करने के लिए हिरासत में लिया गया था। ग्रेटा थनबर्ग प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह का हिस्सा थीं, जो यूनाइटेड फॉर क्लाइमेट जस्टिस आंदोलन की तरफ से आयोजित एक मार्च का हिस्सा थीं, जो यूरोपीय संसद के बाहर शुरू हुआ था। इस रैली में यूरोपीय संघ – जिसका मुख्यालय ब्रसेल्स में है – से 2050 तक महाद्वीप को कार्बन तटस्थ बनाने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीवाश्म ईंधन के लिए सब्सिडी समाप्त करने का आह्वान किया गया था।

### कराची हवाई अड्डे के पास हुए आतंकवादी हमले की चीन ने निंदा की

**बीजिंग, एजेंसी।** पाकिस्तान में चीनी दूतावास ने सोमवार को पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में 6 अक्टूबर को हुए हमले की निंदा की. इस हमले में चीनी नागरिकों सहित कम से कम तीन लोग मारे गए थे. पाकिस्तान में चीनी दूतावास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान में चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावास इस आतंकवादी कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं, दोनों देशों के पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं. बयान में कहा गया कि वह घायलों और उनके रिश्तेदारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं. इसमें कहा गया है कि चीनी पक्ष घटना के बाद की स्थिति से निपटने के लिए पाकिस्तानी पक्ष के साथ मिलकर काम कर रहा है. बयान के अनुसार, पाकिस्तान में चीनी मिशनों ने तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना शुरू की है, जिसमें पाकिस्तानी पक्ष से हमले की गहन जांच करने, अपराधियों को कड़ी सजा देने और पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, संस्थानों और परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया गया है. पाकिस्तान में चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावास पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, उद्यमों और परियोजनाओं को सतर्क रहने, सुरक्षा स्थिति पर पूरा ध्यान देने, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और सुरक्षा सावधानी बरतने का हर संभव प्रयास करने की याद दिलाते हैं।

### 900 से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों ने छोड़ा लेबनान

**कैनबरा, एजेंसी।** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के 900 से अधिक नागरिकों ने लेबनान छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इनके लिए उड़ानों का प्रबंध किया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने सोमवार को कहा कि 904 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक, स्थायी निवासी और उनके परिवार के सदस्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विमान से लेबनान छोड़ चुके हैं। सरकार ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए बेरूत से साइप्रस के लिए दो चार्टर उड़ानें संचालित की, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइंस क्वांटास और कतर एयरवेज साइप्रस से सिडनी के बीच कनेक्टिंग उड़ानें चला रहे थे। क्वांटास की पहली उड़ान रविवार रात को रवाना हुई जिसमें 349 ऑस्ट्रेलियाई नागरिक सवार थे। 3,750 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने लेबनान छोड़ने के लिए विदेशी मामलों के विभाग में पंजीकरण कराया है। सरकार ने महीनों पहले लेबनान में रह रहे ऑस्ट्रेलियाई लोगों से देश छोड़ने का आग्रह किया था, चेतावनी दी थी ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने बताया था कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए दो और उड़ानें शाम 6-30 बजे और रात 11-45 बजे बेरूत से रवाना होने वाली हैं।

# हमले की बरसी पर गरजे इजरायली पीएम कहा- हम रुकने वाले नहीं, खाई जीत की कसम

**येरूशलम, एजेंसी।** हमास द्वारा इजरायल की हमले को एक साल हो गए। युद्ध अभी भी लगातार जारी है, बल्कि और तेज होता जा रहा है। हमले की बरसी पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जीत की कसम खाई। साथ ही कहा कि उनके देश की सेना ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद से हकीकत को पूरी तरह से बदल दिया। गाजा पट्टी और लेबनान में चल रही लड़ाई के बीच नेतन्याहू ने सेना से कहाकि इजरायल ही जीतेगा। इस बीच इजरायल अब ईरान पर भी हमला करने की फिराक में है। हिजबुल्लाह प्रमुख सैय्यद हसन नसरल्लाह और हमास चीफ इस्माइल हनियेह के मारे जाने के बाद से ईरान ने इजरायल पर 180 मिसाइलें दागी हैं। बढ़ते संघर्ष में अमेरिका के शामिल होने का खतरा भी है। अमेरिका ने इजरायल को महत्वपूर्ण सैन्य और कूटनीतिक समर्थन प्रदान किया है। साथ ही अमेरिका के सहयोगी अरब देशों के भी इसमें कूदने का खतरा है, जिनके यहां अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। सीरिया, इराक और यमन में ईरान के सहयोगी आतंकवादी समूह पहले ही इजरायल पर लंबी दूरी के हमलों में शामिल हो चुके हैं। इजरायल ने बेरुत के दक्षिणी उपनगर में रविवार को हमले जारी रखे। यह हमले लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा हैं, जहां ईरान समर्थित इस ग्रुप का ठिकाना है। इजरायली सेना के मुताबिक उसने बेरुत में हिजबुल्लाह के आतंकी निशानों हथियार रखने की जगहों पर हमले किया है। इसमें यह भी कहा गया है



कि उसने हिजबुल्लाह के इंटेलीजेंस हेडक्वॉर्टर पर भी हमला किया है। वहीं, हिजबुल्लाह की तरफ से बताया गया है कि उसने हाइफा के दक्षिण में स्थित मिलिट्री बेस को निशाना बनाया है। इजरायल का यह तीसरा सबसे बड़ा शहर है जिस पर 'फादी 1' मिसाइल से हमला किया गया है। इजरायली मीडिया के मुताबिक देश के उत्तर में हमलों में 10 लोग घायल हुए हैं। वहीं, गाजा पट्टी में इजरायल ने एक मस्जिद पर हवाई हमला किया, जिसमें 26 लोग मारे गए। इस दौरान एक स्कूल पर असर पड़ा जहां लोगों ने पनाह ले रखी थी। इस बीच, इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखाई दे रहे हैं। सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने जबालिया को घेर लिया है। युद्ध के दौरान, इजराइल ने वहां कई बड़े अभियान चलाए, लेकिन आतंकवादियों को फिर से संगठित होते देखा। इजरायल ने उत्तरी गाजा को खाली करने का भी ताजा आदेश जारी किया है जो युद्ध के शुरुआती हफ्तों में काफी हद तक खाली हो गया था, जब इजरायल ने उत्तरी गाजा की पूरी आबादी को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। ऐसा अनुमान है कि कठिन परिस्थितियों और बड़े पैमाने पर विनाश के बावजूद 3,00,000 लोग वहां रह रहे हैं। सेना ने इलाके में गिराए पर्चों में कहाकि हम युद्ध के नए चरण में हैं। इन इलाकों को खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाता है। फलस्तीनी निवासियों ने उत्तरी गाजा में इजरायल की ओर से भारी बमबारी किये जाने की खबर दी है। निवासियों ने हवाई हमलों के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और अपने रिश्तेदारों के लिए शोक व्यक्त किया। इमाद अलारबिद ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि जबालिया में उनके घर पर हवाई हमले में उनके माता-पिता सहित परिवार के 12 सदस्य मारे गए। उत्तरी गाजा में अल जजीरा के संवाददाता अनस अल-शरीफ ने बताया कि जबालिया में एक घर पर बमबारी में उनका एक सहकर्मी हसन हम्द मारा गया। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा हमलों से गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या अब 42,000 के करीब पहुंच गयी है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने आम नागरिक और आतंकवादी हैं, लेकिन मृतकों में कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह हमला रविवार तड़के किया गया। इससे पहले इजरायल ने शनिवार को लेबनान में बमबारी करते हुए हिजबुल्ला और हमास, दोनों के लड़ाकों को निशाना बनाया।

### दक्षिण कोरिया - पूर्व राष्ट्रपति की बेटी पर नशे में गाड़ी चलाने का मामला दर्ज

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन की बेटी पर शनिवार को सोल में शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मून दा-ह्ये जिस कार को चला रही थी वह सोल के योंगसान जिले में रात 2-51 बजे एक टैक्सी से टकरा गई। हादसे में टैक्सी ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दा-ह्ये के खून में अल्कोहल की मात्रा कथित तौर पर 0.14 प्रतिशत मापी गई। यह ड्राइवर लाइसेंस रिवोकेशन के लिए तय 0.08 प्रतिशत की सीमा से अधिक है। 5 अक्टूबर को जोंगआंग इल्बो की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोल के योंगसन पुलिस स्टेशन में मून पर सड़क यातायात अधिनियम (नशे में गाड़ी चलाना) का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया। रिपोर्ट में कहा गया कि मून नशे की हालत में गाड़ी चला रह थी और लेन बदलते समय, कार की पीछे चल रही एक टैक्सी से टक्कर हो गई। हादसे में टैक्सी ड्राइवर मामूली रूप से घायल हुआ। मून से 7 अक्टूबर की सुबह, योंगसान पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर पूछताछ की जा सकती है। मून के पिता 2017 से 2022 तक दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पद रहे थे। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के सांसदों ने पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन की बेटी की आलोचना की।

## जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा से खुश पाक के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद, बोले- यह एक 'सकारात्मक कदम

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीदमहमूद कसूरी ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के



इस्लामाबाद दौरे को 'सकारात्मक कदम करार देते हुए कहा कि इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। भारत ने 15 और 16 अक्टूबर को इस्लामाबाद में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जयशंकर द्वारा किये जाने की शुक्रवार को घोषणा की। जयशंकर ने हालांकि पाकिस्तान के अपने दौरे के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया। डॉन समाचार पत्र ने रविवार को कसूरी के हवाले से एक खबर में बताया, जयशंकर का दौरा बहुपक्षीय है लेकिन इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। जनरल परवेज मुशर्रफ की सरकार में 2002 से 2007 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे कसूरी ने कहा कि दोनों देशों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, बातचीत फिर से शुरू करने से लोगों के बीच संपर्क बहाल करने में मदद मिलेगी और सड़क, रेल तथा हवाई संपर्क बहाल करने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, कसूरी ने सुझाव दिया कि पश्चिमी एशिया में भारी तनाव के समय पाकिस्तान और भारत को तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता था। पश्चिमी एशिया में इजरायल, गाजा और लेबनान के लोगों को निशाना बना रहा है।

उन्होंने कहा, अतीत में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के समय यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के राजदूत ने भूमिका निभाने का दावा किया था। कसूरी ने कहा कि दोनों देश परमाणु शक्ति संपन्न हैं और उनके पास शक्तिशाली सेनाएं है, इसलिए क्षेत्र में तनाव कम करना उनके आपसी हित में है। समाचार पत्र ने पूर्व मंत्री के हवाले से कहा, इस स्थिति में दोनों देशों को जिम्मेदारी और समझदारी से काम करने की जरूरत है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है।

## मन चाहे लड़के से शादी को राजी नहीं थे, लड़की ने खाने में जहर मिलाकर कर दी परिवार के 13 लोगों की हत्या

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां पुलिस ने रविवार को एक लड़की को गिरफ्तार किया है। कथित तौर पर लड़की ने अपने परिवार के 13 लोगों के खाने में जहर मिलाकर हत्या कर दी। इसकी वजह भी सामने आई है। दरअसल लड़की के परिवार वाले उसकी पसंद के मुताबिक शादी करने के लिए तैयार नहीं थे। जानकारी के मुताबिक ये मौतें 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में हुई थी। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने माता-पिता समेत परिवार के सभी सदस्यों को जहर देने की साजिश रची।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इनायत शाह ने बताया, खाना खाने के बाद सभी 13 सदस्य बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां सभी की मौत हो गई। जब पोस्टमार्टम किया गया तो पता चला कि इन लोगों की मौत जहरीला खाना खाने से हुई थी। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने गहन जांच की तो पता चला कि बेटी और उसके प्रेमी ने घर में रोटी बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले गेहूं में जहर मिला दिया था। इसके बाद पुलिस ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। इनायत शाह ने बताया, वह इसलिए नाराज थी क्योंकि उसकी कोशिशों के बावजूद उसका परिवार उसकी पसंद के लड़के से उसकी शादी करने के लिए तैयार नहीं था।

# स्विट्जरलैंड में आत्महत्या के लिए अनुमति जरूरी ! 'सुसाइड कैप्सूल से पहली महिला की मौत

**बर्न, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड में तथाकथित 'सुसाइड कैप्सूल के पैरोकार समूहों ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश में इसके पहले इस्तेमाल की आपराधिक जांच पूरी होने तक इसका इस्तेमाल करने के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया निलंबित कर दी है। इस 'सुसाइड कैप्सूल का इस्तेमाल करने के लिए पिछले महीने 370 से अधिक आवेदन मिले थे। स्विट्जरलैंड के संगठन 'द लास्ट रिजॉर्ट के अध्यक्ष फ्लोरियन विलेट को इस मामले में मुकदमा चलाने से पूर्व हिरासत में लिया गया है। विलेट ने कहा कि इस समूह और इससे संबद्ध 'एग्जिट इंटरनेशनल की स्थापना करीब 25 साल पहले ऑस्ट्रेलिया में हुई थी।

'एग्जिट इंटरनेशनल ने इस 'सुसाइड कैप्सूल- 'सार्को को विकसित किया है। स्विट्जरलैंड की पुलिस ने मध्य पश्चिमी अमेरिका की 64 वर्षीय एक अज्ञात महिला की मौत के बाद विलेट तथा कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। यह अमेरिकी महिला 'सार्को के नाम से पहचाने जाने वाले इस उपकरण का इस्तेमाल करने वाली पहली महिला बनीं। उसने जर्मनी की सीमा के समीप उत्तरी शाफहाउसेन क्षेत्र के एक जंगल में 'सार्को का इस्तेमाल किया। प्राधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में हिरासत में लिए गए अन्य लोगों को रिहा कर दिया गया है। स्विट्जरलैंड दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से एक है जहां अनुमति लेकर आत्महत्या की जा सकती है। हालांकि, सार्को के



पहली बार इस्तेमाल से दुनियाभर में बहस छिड़ गयी है।

इस यूरोपीय देश में अनुमति लेकर आत्महत्या करने के लिए बहुत पहले से ही कानून है लेकिन कोई अपनी मर्जी से आत्महत्या नहीं कर सकता। 'सुसाइड कैप्सूल की वकालत करने वाले समूहों ने रविवार को एक बयान में कहा कि 23 सितंबर तक स्विट्जरलैंड में सार्को के इस्तेमाल के लिए 371 लोगों ने आवेदन दिया था और इसके पहले इस्तेमाल के बाद आवेदन प्रक्रिया निलंबित कर दी गयी है। 'सार्को कैप्सूल में व्यक्ति इसके अंदर लेटता है और एक बटन दबाता है जिससे सीलबंद चैम्बर में नाइट्रोजन गैस भर जाती है और व्यक्ति बेहोश हो जाता है तथा कुछ मिनटों में दम घुटने से उसकी मौत हो जाती है। अमेरिकी महिला की जिस दिन मौत हुई थी, उसी दिन स्विट्जरलैंड की स्वास्थ्य मंत्री एलिसाबेथ बॉम-श्नीडर ने संसद में कहा था कि सार्को का इस्तेमाल गैरकानूनी है।

## श्रीलंका में ईस्टर संडे आतंकी हमलों की जांच में आएगी तेजी: राष्ट्रपति अनुरा कुमार

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिस्सानायके ने 2019 के ईस्टर रविवार के हमलों की जांच तेज करने का वादा किया है, पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाने का वादा किया है। 2019 में ईस्टर रविवार को हुए हमलों में 270 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 11 भारतीय भी शामिल थे। बम विस्फोट स्थानीय इस्लामी चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात द्वारा आत्मघाती हमलावरों द्वारा किए गए थे, जो ISIS से जुड़ा था।

घटना के बाद से हजारों गिरफ्तारियां हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई मुकदमा नहीं चला है। कटुवापिटिया में सेंट सेबस्टियन चर्च के दौरे के दौरान, राष्ट्रपति दिस्सानायके ने एक त्वरित और पारदर्शी जांच के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की त्रासदियां दोबारा नहीं होनी चाहिए और एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

श्रीलंका में कैथोलिक चर्च, जहां बौद्ध धर्म बहुसंख्यक धर्म है, ने चल रही जांचों पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने उनकी



आलोचना राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रयासों के रूप में की है जो उन प्रभावशाली लोगों को बचाने का प्रयास करते हैं जिन्होंने हमलों का आयोजन किया हो सकता है। कैथोलिक चर्च के प्रमुख मैल्कम कार्डिनल रंजित अपनी चिंताओं को लेकर मुखर रहे हैं। 23 सितंबर को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण करने के बाद, दिस्सानायके ने हमलों की जांच फिर से खोलने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्डिनल रंजित ने पिछले महीने कहा था कि नए राष्ट्रपति ने उन्हें आश्वस्त किया था कि ईस्टर रविवार के हमलों के बारे में सच्चाई सामने आएगी। पूर्व राष्ट्रपति गोताबाया राजपक्षे और रानिल विक्रमसिंघे पर जांच को संभालने के लिए आलोचना के साथ निशाना बनाया गया है। कार्डिनल रंजित ने उन पर राजनीतिक कारणों से हमलों को ढंकने का आरोप लगाया। पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने चर्च के दबाव में एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था। समिति ने सिरिसेना को दोषी पाया और पीड़ितों के परिवारों को मुआवजे के रूप में स्न्ह्य 100 मिलियन (ढ्ढह्वक्र 27,443,756) का भुगतान करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, शीर्ष रक्षा अधिकारियों को भारत से पूर्व खुफिया चेतावनियों की अनदेखी करने के लिए आपराधिक लापरवाही का दोषी पाया गया। भविष्य के कदम राष्ट्रपति दिस्सानायके द्वारा जांच को फिर से खोलने और तेज करने की प्रतिबद्धता का उद्देश्य इन चिंताओं को दूर करना और 2019 की दुखद घटनाओं से प्रभावित लोगों को न्याय दिलाना है। हमलों के पीछे की सच्चाई का पता लगाने में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित है।

## खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री लापता, इस्लामाबाद वाले आवास पर गए फिर नहीं चला कुछ पता

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर के अचानक लापता होने का रहस्य गहराता जा रहा है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को कहा कि वह किसी संघीय एजेंसी की हिरासत में नहीं हैं। गंडापुर शनिवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद स्थित अपने आधिकारिक आवास से लापता हो गए थे। वह प्रांत से इस्लामाबाद तक अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के विरोध मार्च का नेतृत्व करने के बाद आधिकारिक आवास पर आराम करने गए थे। इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चल रहा है।

मोहसिन नकवी ने कहा कि सरकार को मुख्यमंत्री के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि वह पुलिस के वहां पहुंचने से पहले ही चले गए थे। नकवी ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं पुष्टि कर सकता हूं कि वह सरकार की किसी भी एजेंसी की हिरासत में नहीं हैं।' मंत्री ने कहा कि पुलिस मुख्यमंत्री की तलाश कर रही है, जो किसी अज्ञात स्थान पर छिपे हुए बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पुलिस ने कुछ स्थानों पर छापेमारी भी की है, लेकिन वह नहीं मिले।' गृह मंत्री के दावे ने गंडापुर के अचानक लापता होने के रहस्य को और गहरा कर दिया है।

**मुख्यमंत्री का परिवार से नहीं कोई संपर्क :** खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता मोहम्मद अली



सैफ के अनुसार, प्रांतीय सरकार और मुख्यमंत्री का परिवार उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांतीय सरकार ने गंडापुर के लापता होने के मामले में रविवार को पेशावर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दूसरी ओर, पाकिस्तान सरकार ने जातीय पश्तून समुदाय के अधिकारों की पैरोकारी करने वाले राजनीतिक दल पश्तून तहफुज मूवमेंट को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए प्रतिबंधित कर दिया। गृह मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा, 'संघीय सरकार के पास यह मानने के कारण हैं कि पीटीएम देश की शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली कुछ गतिविधियों में संलिप्त है। सरकार पीटीएम को प्रतिबंधित संगठन के रूप में प्रथम अनुसूची में सूचीबद्ध करती है।'

# पाकिस्तान में चीनियों की फिर से टारगेट किलिंग, आतंकी हमले में 2 की मौत, 17 घायल

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान में कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जोरदार धमाका हुआ है। इसकी चपेट में आने से 3 विदेशी नागरिकों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हैं। मृतकों में चीन के 2 श्रमिक भी शामिल हैं। चीनी दूतावास ने बयान जारी कर बताया कि पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को ले जा रहे काफिले पर देर रात करीब 11 बजे हमला हुआ, जिसमें 2 चीनी नागरिक मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। उसने बताया कि इस हमले में पाकिस्तानी नागरिक भी घायल हुए हैं। घायलों में पुलिस अधिकारी भी शामिल होने की जानकारी भी सामने आई है। हमले के वीडियो में कारों से आग की लपटें और घटनास्थल से धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। घटनास्थल पर भारी संख्या में सैन्यकर्मी तैनात थे और इस इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया है। नागरिक उड्डयन विभाग के एक कर्मचारी राहत हुसैन ने बताया कि विस्फोट इतना भीषण था कि इससे हवाई अड्डे की इमारतें हिल गईं। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल अजफर महेसर ने बताया, शुरुआती जानकारी मिली है कि एक तेल टैंकर में आग लग गई जो कई दूसरे वाहनों में फैल गई। इससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। हम यह निर्धारित कर रहे हैं कि क्या इसमें आतंकवाद का कोई तत्व शामिल था। फिलहाल ऐसी आशंका को हम खारिज नहीं कर सकते हैं।

**विदेशियों को निशाना बनाकर किया गया विस्फोट :** प्रांतीय गृह मंत्री जिया उल हसन ने स्थानीय टीवी चैनल जियो को बताया कि विस्फोट विदेशियों को निशाना बनाकर किया गया था। मालूम हो कि पाकिस्तान में हजारों चीनी



कर्मचारी हैं। इनमें से अधिकतर कर्मचारी चीन की अरबों डॉलर की उस 'बेल्ट एंड रोड' पहल के लिए काम कर रहे हैं, जो दक्षिण और मध्य एशिया को चीनी राजधानी से जोड़ने के लिए शुरू की गई है। चीन के बयान में विस्फोट को आतंकवादी हमला बताया गया है। साथ ही, कहा गया कि चीन इसके बाद की स्थिति से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम कर रहा है। चीन ने इस हमले की गहन जांच किए जाने की मांग की है, ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके और पाकिस्तान में चीनी नागरिकों से सुरक्षा संबंधी सावधानी बरतने को कहा है। पाकिस्तानी में चीनियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंता चीन की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'पाकिस्तान में चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावास इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

## गांधीधाम के निकट से 120 करोड़ की कोकीन के 10 पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद

अहमदाबाद । गुजरात में फिर एक बार नशीले पदार्थ के नशीले पैकेट बरामद हुए हैं। कच्छ के गांधीधाम के निकट तालाब के किनारे पर झाडियों में छिपाए गए कोकीन के 10 पैकेट बरामद हुए हैं। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 120 करोड़ रुपए बताई जाती है। कच्छ पूर्व के एसपी सागर बागमर के मुताबिक पूर्व सूचना के आधार पर गांधीधाम बी डिवीजन पुलिस ने खारीरोहर सीमा स्थित तालाब के निकट बबूल की झाडियों के बीच से कोकीन के 10 पैकेट बरामद किए हैं। बरामद हुई 12 किलोग्राम कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत रु. 120 करोड़ होती है। घटना स्थलसे समुद्र की खाड़ी केवल डेढ़ किलोमीटर दूर है। आशंका है कि किसी तस्कर के जरिए कोकीन यहां तक लाई गई होगी। इससे पहले 4 जून 2024 को खारीरोहर से कंडला की ओर जानेवाले रोड पर बबूल की झाडियों के बीच से 13 किलो कोकीन के पैकेट लावारीस स्थिति में बरामद की गई थी। इसके अलावा 28 सितंबर 2023 को गांधीधाम पुलिस ने यहां से कुछ दूरी पर मीठीरोहर सीमा से 800 करोड़ रुपए कीमत की 80 किलो कोकीन बरामद की थी। इस प्रकार बीते एकसाल में एक पट्टी से 105 किलोग्राम जितनी कोकीन के लावारीस पैकेट बरामद किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि बरामद किए गए पैकेट आखिर कौन फैंक गया, इसकी कोई जानकारी नहीं है। इन घटनाओं को लेकर गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने भाजपा सरकार पर सवाल उठाए हैं। शक्तिसिंह गोहिल ने अपने ट्वीटर पर लिखा 'गुजरात के कच्छ जिले में 12 किलोग्राम कोकीन से भरे 10 पैकेट बरामद हुए हैं, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 120 करोड़ रुपए है। युवाओं को बर्बाद करने वाली कोकीन लगार गुजरात में बरामद हो रही है। क्या भाजपा सरकार को इसकी चिंता नहीं है? क्या इसका ही विकास करने की भाजपा ने शपथ ली है?'

## पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने लाओस जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने 10 से 11 अक्टूबर तक लाओस जाएंगे। मोदी लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर लाओस दौरे पर जा रहे हैं। सिफांडोन आसियान के वर्तमान अध्यक्ष हैं। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का इस साल एक दशक पूरा हो रहा है। एक बयान में कहा गया है कि आसियान के साथ संबंध एक्ट ईस्ट नीति और भारत-प्रशांत दृष्टिकोण का एक केंद्रीय स्तंभ हैं। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के जरिए से भारत-आसियान संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेगा और भविष्य की दिशा तय करेगा। बयान में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी के द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

## मकान में बन रहे थे पटाखे, पुलिस ने तीन लाख के पटाखे किए जब्त, दो गिरफ्तार

हापुड़। हापुड़ के थाना देहात पुलिस ने एक मकान पर छापा मार कर तीन लाख रुपए के पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में पटाखे, 109 किलो विस्फोटक व पटाखे बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अभी तक यह जानकारी नहीं मिली है कि पटाखों के लिए विस्फोटक कहां से मंगवाया गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला इंद्रगढ़ी रेलवे फाटक के पास स्थित एक मकान में कुछ लोग पटाखे बना रहे हैं। सूचना के बाद वह टीम के साथ मकान पर पहुंचे और छापा मारा।

## पत्नी के चरित्र पर शक... पति ने की हत्या

मथुरा । मथुरा की थाना राया पुलिस ने 3 अक्टूबर को नहर में मिली अज्ञात महिला के शव मामले खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्यारा कोई और नहीं बल्कि मृतका का पति ही निकला। अवैध संबंधों के शक में पति ने ही महिला की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया था। बता दें कि राया क्षेत्र की नहर में 3 अक्टूबर को अज्ञात महिला का शव मिला था। जिसकी शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आसपास के इलाकों में जानकारी हासिल की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस के हाथ हत्यारे के गिरेबान तक जा पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि 3 अक्तूबर को अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में मृतका की पहचान साधना पत्नी नरेश सिंह निवासी इगलास के रूप में हुई। मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या करने की आशंका जाहिर कर मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने तत्परता दिखकर मृतका साधना के पति को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

## कोलकाता में सात जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी

कोलकाता। कोलकाता के एस्प्लेनेड में सात जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन जारी रहा। बुधवार को डॉक्टरों के अनशन का चौथा दिन है। मंगलवार को महापंचमी के कारण, सीनियर और जूनियर दोनों डॉक्टरों ने पूरे दिन विभिन्न विरोध कार्यक्रमों का आयोजन किया है। 7 जूनियर डॉक्टर का एस्प्लेनेड में आमरण अनशन जारी हैं, वहीं पूरे राज्य में जूनियर डॉक्टरों ने सुबह 9 बजे से 12 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल की। बात दें कि वरिष्ठ डॉक्टरों और नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधियों भी सांकेतिक विरोध में जूनियर डॉक्टरों के साथ शामिल हुए। जूनियर डॉक्टरों ने आम लोगों से 12 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल करने के साथ एकजुटता की अभिव्यक्ति के रूप में मेगा रैली में शामिल होने की अपील की।

# हरियाणा जीत की धमक महाराष्ट्र पहुंची... उद्धव सीएम चेहरा का समर्थन देने को तैयार

मुंबई (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव का परिणाम आ चुका है। बीजेपी ने जोरदार ढ़ग से सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने स्पष्ट बहुमत पाकर एग्जिट पोल और राजनीतिक पंडितों के सारे आंकड़ों और गणनाओं को फेल साबित किया है। अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र देश को सबसे ज्यादा सांसद देने वाला राज्य है, इसके बाद यहां होने वाले विधानसभा चुनाव का महत्व काफी बढ़ जाता है। हरियाणा चुनाव परिणाम की धमक महाराष्ट्र पहुंच भी चुकी है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए चेहरे का समर्थन करुंगा। यूबीटी नेता ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह अपने सहयोगी दलों की ओर से तय किसी भी चेहरे का समर्थन करने को तैयार है।

मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात कही है।





उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी के घटक दलों (कांग्रेस और एनसीपी (एसपी)) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तय किए गए किसी भी दावेदार का मैं समर्थन करुंगा। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब उद्धव ने यह बात कही है। इसके पहले भी वे सीएम फेस को लेकर अपने मन की बात कह चुके हैं। दूसरी तरफ, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार पहले भी इस पर अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर चर्चा होगी। विधानसभा चुनाव परिणाम में आने वाली सीटों के आधार पर यह तय होगा।

ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र को बचाने के लिए वह कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किसी भी चेहरे का समर्थन करुंगा। इस मौके पर उन्होंने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर फेक नैरेटिव फैलाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने 'लड़की बहिन' स्कीम पर निशाना साधा। इस योजना के तहत योग्य महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

उद्धव लगातार मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसके पहले अगस्त में भी उन्होंने कहा था कि कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) को सीएम उम्मीदवार घोषित कर देना चाहिए। साथ ही कहा था कि ज्यादा सीट हासिल करने वाल सहयोगी दल के नेता ही मुख्यमंत्री बनेगा, यह लॉजिक कारगर नहीं होगा।

## मालीवाल का केजरीवाल पर तंज... अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे?

नई दिल्ली । हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना जारी है। रुझानों में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और वह राज्य की 90 में से 47 सीट पर आगे है जबकि कांग्रेस 38 सीट पर आगे है। वहीं आम आदमी पार्टी को हरियाणा में निराशा मिली है। अब पूरे मामले को लेकर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप पार्टी पर तंज कसा है। मालीवाल ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस से बदला लेने के लिए हरियाणा में उतरे। मुझपे बीजेपी एजेंट होने के झूठे आरोप लगाए, खुद आज इंडिया गठबंधन से गद्दारी करके कांग्रेस की वोट काट रहे हैं! अरे सब छोड़ो, विनेश फोगाट तक को हराने के लिए प्रत्याशी उतारा। राज्यसभा सांसद स्वाती ने पूछा कि क्यों ऐसा हाल आ गया है कि अपने गृह राज्य में जमानतें नहीं बचा पा रहे? अभी भी वक्त है, अहंकार छोड़ो, धुंधली आँखों से पर्दा हटाओ, ड्रामा बंद कर जनता के लिए काम करो। बता दें कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में भी बड़ा दांव खेला था और 90 में से 88 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन लगता है कि हरियाणा के लोगों को आप रास नहीं आई।



## छत्तीसगढ़ में असम जैसी बनेगी एंटी नक्सल पॉलिसी

**–राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार लाएगी नई नक्सल नीति**

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल नीति असम जैसी ही होगी। इसका अध्ययन करने के लिए गृहमंत्री विजय शर्मा असम गए थे। उन्होंने वहां अधिकारियों से उग्रवादियों के आत्मसमर्पण और पीड़ित परिवारों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अक्टूबर के अंत तक या 1 नवंबर को राज्योत्सव के समय छत्तीसगढ़ सरकार नई नक्सल नीति लाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में मीटिंग के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को यह जानकारी दी है। दोनों नेताओं के बीच यही बात हुई कि कैसे तय टारगेट मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सली खत्म हो जाए। नक्सल नीति को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि, केंद्र और राज्य सरकार की योजना का फायदा सरेंडर करने वाले नक्सलियों और हिंसा पीड़ित परिवारों को मिलेगा। आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है। उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा में जुड़े। आत्मसमर्पण करने वालों को अच्छी सुविधाएं दी जाएं। गृह मंत्री विजय शर्मा भी असम गए थे। पुनर्वास नीति वहां कैसी है यह देखा गया। नक्सली गोलीबारी की भाषा छोड़कर आत्मसमर्पण करें। उनको प्रधानमंत्री आवास से लेकर रोजगार तक देंगे। मैं हाल ही में बीजापुर गया था, वहां 70 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जो नक्सल पीड़ित परिवार के लोग थे, उन्हें नौकरी दी गई है।

### नक्सलियों के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक बढ़ेगी

अमित शाह और सीएम साय की बैठक में संकेत मिले हैं कि, घुसकर मारने वाला एक्शन छत्तीसगढ़ पुलिस जारी रखेगी। जिस तरह सेना ने पाकिस्तान के एरिया में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया, वैसे ही यहां स्थानीय पुलिस और पैरा-मिलिट्री फोर्स नक्सलियों के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई करेगी। प्रदेश सरकार की ओर से अमित शाह को बताया गया कि, हमारी सरकार ने डिफेंसिव नीति को बदलकर आक्रामक नीति अपनाई है। आने वाले दिनों में दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंप खोले जाएंगे। यह कैम्प वहां होंगे, जो गांव नक्सलियों का इलाका माना जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र से कहा कि, यह स्ट्रैटजी इसलिए है, ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके।

**बीजेपी की जीत के बाद अमित शाह का राहुल पर वार**

## विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को जनता ने सिखाया सबक

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद भाजपा अब सरकार बनाने की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा 48 सीटों पर जीत हासिल करती हुई दिख रही है। वहीं, कांग्रेस काफी पीछे रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरियाणा में भाजपा की यह प्रचंड जीत किसानों, गरीबों, पिछड़ों, जवानों और युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अटूट विश्वास की जीत है।




भाजपा नेता ने कहा कि वीरभूमि की जनता ने जाति और क्षेत्र के आधार पर बाँटने वाली कांग्रेस की नकारात्मक और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकारते हुए भाजपा के 10 वर्षों के विकास और गरीब कल्याण के ट्रैक रिकॉर्ड को चुना है। राहुल गांधी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि चाहे केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी जी का चुनकर आना हो या हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में बार-बार भाजपा सरकार का बनना, यह दर्शाता है कि भारतीय राजनीति में मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रदर्शन की राजनीति के नए युग की शुरुआत की है, उसमें जनता का अटूट विश्वास है।पहले लोकसभा चुनाव में और अब हरियाणा में, वोट लेने के लिए झूठे और हवाई वादे करने वाली कांग्रेस को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है और जमीन पर डिलीवर करने वाली भाजपा के साथ जनता चट्टान की तरह खड़ी है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा कि हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की यह निरंतर विजय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल-इंजन सरकार द्वारा क्रियान्वित कल्याणकारी नीतियों पर जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश दर्शाता है कि कांग्रेस की विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति को हरियाणा की जनता ने सिरे से नकारा है। प्रदेश में पहली बार किसी राजनीतिक दल ने लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह जीत की हैट्रिक मोदी जी के जनकल्याण, विकास और सुशासन को जनता का प्रचंड समर्थन है।

## नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है : सीएम यादव

नई दिल्ली, । मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उनके पुनर्वास और विकास संबंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और देशभर में नक्सली गतिविधियां अब अंतिम चरणों में हैं। डॉ यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की समीक्षा बैठक में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद निरोधक नीतियां बनाई जा रही हैं। अलग-अलग राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है, ये नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है। शाह ने भी कहा है कि हर तरफ कानून का राज स्थापित करना है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में कहा कि राज्य में पिछले दो साल में नक्सलियों के खिलाफ जितनी भी कार्रवाई हुई है, उतनी पिछले 30 साल में नहीं हुई। केंद्र सरकार ने भी इस बात को माना है। नक्सलवाद का पूरा तरह खात्मा होना चाहिए। इसके साथ ही विकास के आयाम भी स्थापित किए जा रहे हैं। सीमावर्ती प्रदेश छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के संबंध में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद फला-फूला। अब सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वहां इसका सफाया हो रहा है। पड़ोसी राज्य होने के नाते मध्यप्रदेश भी इस मुद्दे को लेकर सतर्क है।

## जम्मू-कश्मीर में रुझानों के बीच अब्दुल्ला का ऐलान, उमर बनेंगे सीएम

**– लोगों के दिए जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए**

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में मतगणना जारी है लेकिन इसी बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव परिणामों के रुझानों के बीच बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है, उन्होंने साबित कर दिया है कि उन्हें पांच अगस्त को लिया गया फैसला मंजूर नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के सीएम होंगे।



बता दें कि जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना है। मंगलवार को चुनावी रुझानों में गठबंधन ने 90 में से 51 सीट पर बढ़त बना रखी है जबकि बीजेपी 28 सीट पर आगे है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और बीजेपी की झोली में अब तक दो-दो सीट आई है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जारी रुझानों के मुताबिक पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) केंद्र शासित प्रदेश में दो सीट पर, सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस दो सीट पर जबकि निर्दलीय उम्मीदवार छह सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। रुझानों से पता चलता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस 43 सीट पर आगे है जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस सात सीट पर आगे चल रही है। रुझानों में नेकां के उसके प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलने पर पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर में जनादेश के साथ कोई ''छेड़छाड़'' नहीं होनी चाहिए।

अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। जो भी हो, पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। जनादेश के साथ कोई धोखेबाजी नहीं होनी चाहिए। अगर जनादेश बीजेपी के खिलाफ है, तो बीजेपी को कोई जुगाड़ या अन्य कोई चाल नहीं चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजभवन और केंद्र को लोगों के फैसले को उसी तरह स्वीकार करना चाहिए जिस तरह हमने संसदीय चुनावों में किया था। उमर अब्दुल्ला सात दौर की गणना के बाद बडगाम विधानसभा सीट से 8,500 से ज्यादा मतों से आगे चल रहे हैं जबकि गांदरबल में वह छह दौर की गणना के बाद 5 हजार से ज्यादा वोट से बढ़त बनाए हुए हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता नजीर अहमद खान ने बीजेपी के फकीर मोहम्मद खान को हराकर लगातार चौथी बार गुरेज विधानसभा सीट से जीत हासिल कर ली है।

## असम में आनलाइन शेयर कारोबार घोटाला मामलों की जांच सीबीआई ने संभाली: हिमंत

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे राज्य भर में दर्ज ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के 41 मामलों की जांच आधिकारिक तौर पर संभाल ली है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''ऑनलाइन शेयर कारोबारघोटाले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए, हमने भारत सरकार से सभी 41 पंजीकृत मामलों को औपचारिक रूप से सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया था।'' राज्य के मुख्यमंत्री शर्मा के पास राज्य का गृह प्रभार भी है।

उन्होंने कहा, ''सीबीआई आधिकारिक रूप से इस मामले को अपने हाथ में ले रही है और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी कि जल्द से जल्द न्याय मिले।'' राज्य में ऑनलाइन कारोबार घोटाला अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रकाश में आया था, जब 29 वर्षीय दीपांकर बर्मन की कंपनी में भारी मात्रा में धन लगाने वाले निवेशकों ने शिकायत की कि उसने उन्हें उचित रिटर्न नहीं दिया है और उसका कार्यालय 21 अगस्त से बंद है। वह फिलहाल फरार है।

शर्मा ने कहा था कि असम मंत्रिमंडल ने सितंबर में ऑनलाइन शेयर कारोबार घोटाले के संबंध में तब तक दर्ज 32 मामलों को जांच के लिए सीबीआई को स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मुख्य सचिव रवि कोटा ने भी इस मामले पर सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद से चर्चा की, जिन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी मामलों



को अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी। कई कंपनियों ने कथित तौर पर राज्य भर के लोगों से इस वादे पर सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाये कि उन्हें शेयर बाजारों में निवेश करके भारी रिटर्न मिलेगा। इन कंपनियों के प्रवर्तक में से ज्यादातर युवा हैं।

हालांकि, पिछले कुछ महीनों में ये कंपनियां निवेशकों को रिटर्न चुकाने में विफल होने लगीं। घोटाले के सिलसिले में अब तक 65 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के अलावा भारतीय न्याय संहिता के तहत जिलों में दर्ज मामलों की जांच के लिए 14 विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किये गए हैं। घोटाले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों में एक असमिया अभिनेत्री, कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सुमी बोरा और उसका फोटोग्राफर पति तार्किक बोरा शामिल हैं।

## सुबह ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां.... दोपहर होते-होते कांग्रेस ऑफिस में सन्नाटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी 50 के आंकड़े के करीब पहुंच गई है, वहीं कांग्रेस को 36 सीटें मिलती दिख रही हैं, मगर शुरुआत में यह रुझान नहीं थे। सुबह 8 बजे वोटों की गिनती के साथ कांग्रेस ने अच्छी खासी बढ़त बनाई हुई थी, शुरुवाती रुझान में आंकड़ा 55 को पार कर गया था। शुरुआती रुझानों को देखकर कांग्रेस के मुख्यालय में मिठाइयां तक बंटना शुरू हो गई थीं, सभी नेता और कार्यकर्ता ये मान चुके थे कि हरियाणा में जीत हमारी हो रही हैं। इसके ठीक 1 घंटे बाद तस्वीर ही बदल गई। रेस में पिछड़ती भाजपा तीसरी बार सरकार बनाती दिख रही है। वहीं कांग्रेस दफ्तर से लोग गायब हैं, और सन्नाटा सा पसर गया है।




वोटों की गिनती बुधवार की सुबह 8 बजे से शुरू हुई। पहले दो घंटे के शुरुआती रूझान यह इशारा कर रहे थे कि 10 साल बाद कांग्रेस के सिर ही जीत का सहरा बंधेगा। उस समय कांग्रेस 55-59 सीटें, वहीं बीजेपी को 16 सीटें मिलती दिख रही थीं। कांग्रेस के बड़े नेताओं में पवन खेड़ा, जयराम रमेश सहित कई दिग्गज दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दफ्तर के बाहर ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाइयां भी बांटनी शुरू कर दी थीं,लेकिन कुछ देर बाद ही परिणाम बीजेपी के पक्ष में जाते दिखे।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। एक समय जीत का दावा करने वाली कांग्रेस के लिए अगले 1-2 घंटे में कहानी बदल गई। 16 सीटों पर सिमटती दिख रही बीजेपी ने पूरी बाजी पलट दी। भाजपा 49 सीटों पर आगे है , तब वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 50 से घटकर 36 पर पहुंच गया है। पार्टी के बाहर जश्न की तैयारियां शुरू कर देने वाले लोग अब गायब दिख रहे हैं। इस वक्त कांग्रेस मुख्यालय के बाहर रूझानों में पलटी का असर साफ दिख रहा है। पार्टी दफ्तर के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है।

## पेंशनर्स सावधान ! व्हाट्सएप पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में दी चेतावनी

नई दिल्ली । पेंशनर्स को हर साल उस वित्तीय संस्थान में जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है जहां से उसे पेंशन मिलती है। इस बीच केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को एक अलर्ट जारी कर व्हाट्सएप पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी जारी की है। जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की डेट करीब आने के साथ ही धोखेबाज भी सक्रिय हो गए हैं। वे पॉपुलर मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के जरिए पेंशनर्स को निशाना बना रहे हैं। पेंशनर्स को व्हाट्सएप पर मैसेज मिलता है। इनमें दावा किया जाता है कि पुराने जीवन प्रमाण पत्र के कारण उनकी पेंशन खतरे में है। इसमें एक लिंक दिया जाता है और पेंशनर्स से कहा जाता है कि वे इस पर अपने बैंक खाते का विवरण या पीपीओ नंबर अपडेट करें। पेंशनर्स की व्यक्तिगत जानकारी मिलने के बाद स्कैमर्स इसका गलत यूज कर सकते हैं। वे पेंशनर्स के अकाउंट में सेंध लगा सकते हैं। सरकार इस बात पर जोर देती है कि जीवन प्रमाण पत्र के बारे में कभी भी व्हाट्सएप या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जानकारी नहीं मांगी जाती है। जीवन प्रमाण पत्र एक अनिवार्य दस्तावेज है। पेंशनर्स को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए इसे जमा कराना जरूरी होता है। घोटालेबाज पेंशनर्स को फर्जी संदेश भेजकर इसका फायदा उठा रहे हैं। इसमें वे पेंशनर्स को एक लिंक भेजकर दावा कर रहे हैं कि अगर इस पर जीवन प्रमाण पत्र अपडेट नहीं किया तो पेंशन रोक दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# देशभर में २०० से अधिक फर्जी कंपनियाँ, करोड़ों के फर्जी बिल जीएसटी घोटाले

## अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा और भावनगर में १४ स्थानों पर छापेमारी

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

डायरेक्टर ऑफ जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटेलिजेंस (DGGI) के निदेशक हिमांशु जोशी ने अहमदाबाद क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई कि अहमदाबाद की ध्रुवी एंटरप्राइजेज के नाम पर फर्जी कंपनी रजिस्टर्ड की गई थी। इस समूह ने देशभर में २०० से अधिक फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त की थी।

डायरेक्टर जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटेलिजेंस (DGGI) की अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को दी गई

**गुजरात में जीएसटी बोगस बिलिंग घोटाले का आंकड़ा अब ५० हजार करोड़ रुपये से पार हो गया है।**

**क्राइम ब्रांच, EOW और SOG की टीमों द्वारा छापेमारी सेंट्रल जीएसटी द्वारा क्राइम ब्रांच की शिकायत के आधार पर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा, भावनगर सहित राज्यभर में १४ स्थानों पर क्राइम ब्रांच, EOW और SOG की टीमों ने छापेमारी और जांच की। देशभर में २०० से अधिक फर्जी कंपनियाँ संगठित रूप से काम कर रही हैं,**

जानकारी के आधार पर अहमदाबाद, जूनागढ़, सूरत, खेड़ा और भावनगर में १४ स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें कुल १२ फर्जी कंपनियां बनाने वाले ३३ से अधिक संचालकों को हिरासत में लिया गया है। सौराष्ट्र के बीजेपी विधायक भगवान बारड के बेटे अजय बारड और पत्रकार महेश लांगा से भी पूछताछ की गई। इन सभी ने मिलकर देशभर में २०० से अधिक फर्जी कंपनियों के माध्यम से करोड़ों रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट घोटाला किया है।

जो फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त कर सरकार को नुकसान पहुंचा रही हैं। इन कंपनियों को बनाने के लिए फर्जी पहचान और दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया है, और इस तरह से करोड़ों रुपये की कर चोरी की गई है।

इस घोटाले में विभिन्न कंपनियों और बोगस फर्मों द्वारा बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई है।

# राजनीतिक दल के युवा शाखा के पदाधिकारी एवं महाराष्ट्रीयन बिल्डर महिला के साथ होटल में रंगे हाथ पकड़े गए

## महिला के पति नें भेस्तान थाने पहुंचा,युवक के खिलाफ कार्रवाई मांग की

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

**पुलिस स्टेशन में मध्यरात्रि तक कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता**

प्रेमिका के साथ संबंध बनाते हुए रंगेहाथ पकड़े जाने के बाद दोनों को पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां बिल्डर ने पुलिस को बताया कि हम केवल मिलने और बात करने के लिए होटल में आए थे। हालांकि, उसकी पत्नी ने आरोप लगाना जारी रखा। इस तरह लगभग मध्यरात्रि तक पुलिस स्टेशन में कहासुनी चलने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। एक दूसरे पर सामजिक बदनामी का हवाले देते हुए .बिना किसी फरियाद के ही दोनों पक्ष में सारी घटनाक्रम पुलिस स्टेशन में होने से चर्चा का विषय बना रहा

सूरत, उधना इलाके में रहने वाले और एक राजनीतिक दल की युवा शाखा के पदाधिकारी एक महाराष्ट्रीयन बिल्डर को भेस्तान के एक होटल में महिला के साथ उसकी पत्नी और महिला के पति ने पकड़ा. होटल परिसर में माहौल गरमाने पर मामला भेस्तान थाने तक पहुंच गया. पोल खुलने पर होटल परिसर में जमकर हंगामा हुआ. उधर, प्रेमिका का पति भी होटल पहुंच गया. महिला के पति नें भेस्तान थाने पहुंचा और युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की. लेकिन अंत में दोनों को समाज में बदनाम ना होना पड़ेगा. इसे समझते हुए देर रात को बात समाधान तक पहुंची.

# एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू मारकर हत्या

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के सचिन पारडी गांव में गरबा खेलने के बाद हंसी-मजाक के दौरान दो दोस्तों के बीच हुई बहस ने खतरनाक मोड़ ले लिया। इसमें एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना रत्नकलाकार युवक की हत्या से जुड़ी है, जिसमें हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका बचपन का दोस्त था।

दो दिन पहले २५ वर्षीय युवक मुकेश माली गरबा खेलकर अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी उसके पास उसके बचपन का दोस्त,पियूष नायका आया और दोनों हंसी-मजाक कर रहे थे। इसी दौरान एक मामूली बात पर दोनों के बीच बहस हो गई। बहस बढ़ने पर आरोपी पियूष नायका ने चाकू से मुकेश पर हमला कर दिया, जिससे मुकेश को गंभीर चोटें आईं। परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मुकेश को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूरत पुलिस ने इस घटना के संबंध में पियूष नायका और प्रदीप उर्फ बटको के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# सूरत के सारोली में कपड़ा मार्केट के व्यापारियों का १५ लाख का ठगी,पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.




सूरत शहर के व्यापारियों से दलाल के माध्यम से पहचान कर बड़े पैमाने पर कपड़े का माल खरीदने के बाद उसे बाजार में सस्ते दामों पर नकद बेचकर बुनकरों को उनके माल का भुगतान किए बिना रातोंरात दुकान बंद करके भाग जाने वाले सारोली के कुबेरजी वर्ल्ड टेक्सटाइल मार्केट के चार व्यापारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अडाजण के बुनकरों से ग्रे कपड़े का माल खरीदकर १५.३८ लाख रुपये का धोखा किया था। पुलिस ने चारों ठगों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरूकर दी है। सारोली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अडाजण मधुवन सर्कल के पास कैपिटस स्टेटस में सी-३०२ में रहने वाले धर्मेंद्र चुनीभाई गोडलिया (उम्र ४०) से कपड़ा दलाल हनुमानराम गंगारामजी चौधरी (कुबेरजी वर्ल्ड टेक्सटाइल मार्केट) (निवासी, स्वस्तिक रेसिडेंसी पूणागाम), विनोद जैन (कनक क्रिएशन, कुबेरजी वर्ल्ड टेक्सटाइल मार्केट सारोली), जयेश नथूराम जैन और महावीर शांतिलाल महेता (अरिहंत सिल्क, कुबेरजी वर्ल्ड टेक्सटाइल मार्केट सारोली) ने खुद को प्रतिष्ठित व्यापारी बताकर शुरूमें उनसे ग्रे कपड़े का माल खरीदा और समय पर भुगतान करके उनका विश्वास जीता।

**आरोपियों के नाम**
**विनोदकुमार बाबूलालजी जैन**
**महावीर संतलाल मेहता**
**हनुमानराम गंगारामजी चौधरी**
**जयेश नथूराम जैन**

# भीड़ और पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में मुख्य मंच के पास विषैला सांप पकड़ा गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के पाल क्षेत्र में गौरव पथ रोड पर यश्वी नवरात्रि का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजन की शुरुआत के बाद से कई बार ऐसे घटनाक्रम सामने आए हैं, जो चर्चा का विषय बने हैं। नवरात्रि के आयोजक की राजनीतिक पहचान के चलते कई बातें और विवाद उभरकर आए हैं, लेकिन आयोजक इन सब को दबाने में सफल रहे हैं।

पिछले दो दिनों में जहरीले सांप निकलने की कॉल फायर विभाग को मिली थी। कल एक जहरीले सांप को पकड़ा गया। इसी दौरान गायक किमजल दवे ने बॉलीवुड के गाने "एक, दो, तीन, चार, पांच... आजा पिया आई बाहर..." गाया, जिसका वीडियो वायरल हो गया।

**यश्वी नवरात्रि में खिलाड़ियों पर खतरा** पाल यश्वी नवरात्रि में कल पुलिस कमिश्नर मुख्य मेहमान के रूप में मौजूद थे, जब लगभग १०,००० खिलाड़ी गरबे में थिरक रहे थे। इसी बीच मुख्य मंच के नीचे एक सांप दिखाई दिया। कॉमन क्रेट एक अत्यंत जहरीले सांप की भारतीय प्रजाति है। जैसे ही सांप स्टेज के नीचे देखा गया, यह खबर तेजी से फैल गई। तुरंत फायर विभाग की टीम ने सांप को पकड़ने का प्रयास किया।

हालांकि, फायर विभाग के जवान सांप पकड़ने में विशेषज्ञ नहीं होते। यदि ऐसे जहरीले सांप उन्हें काट लें तो उनकी जान भी जा सकती है। अगर वह १०,००० लोगों की भीड़ में प्रवेश कर जाए और इस बात से भगदड़ मच जाए, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, यह बड़ा प्रश्न है। स्वाभाविक है कि इतनी बड़ी भीड़ के बीच भगदड़ मचने से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यह भी ज्ञात हुआ है कि यह दूसरी बार है जब सांप मिलने की कॉल आई है। पहले कॉल के बारे में आयोजक द्वारा बात बाहर नहीं आने देने के लिए प्रयास किए गए थे और इस बारे में चर्चाएं भी शुरूहो गई हैं।



# सचिन पुलिस स्टेशन ७,२७,६९२ रुपये मूल्य का विदेशी शराब ४,२६० बोतलें और बीयर के टिन जब्त किए गए

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सचिन पुलिस स्टेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में, एक वांटेड आरोपी को पकड़ लिया गया, जो पहले से ही प्रोहिबिशन (नशाबंदी) कानून के तहत चल रहे मामले में फरार था। इसके साथ ही, आरोपी कडोदरा पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट के तहत भी वांछित था।

पुलिस ने आरोपी के पास से कुल ७,२७,६९२ रुपये मूल्य का विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही के जरिए, सचिन पुलिस ने न केवल विदेशी शराब की तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया, बल्कि आरोपी के खिलाफ पहले से लंबित मामलों में भी एक ठोस कदम उठाया।

सूचना के आधार पर सर्वेलांस स्टाफ के पुलिस सब-इंस्पेक्टर एन. डी. डामोर और टीम पेट्रोलिंग कर रहे थे, तभी सहायक हेड कांस्टेबल इंद्रजीत सिंह अमरसिंह वनार और सहायक पुलिस कांस्टेबल दशरथभाई मावजीभाई को एक संयुक्तसूचना मिली कि "सचिन तिंबरवा गांव से तलोदरा गांव जाने वाले रास्ते पर प्रह्लदभाई देसाई के खेत के पास से कुछ लोग बोलेरो पिकअप वाहन से अवैध विदेशी शराब का जखीरा उतार रहे हैं और उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।"

इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने बताई गई जगह पर छापा मारा और खेत के पास विदेशी शराब की तस्करी करते हुए आरोपी सतीश गुणवंतभाई राठौड़ (उम्र ३४, व्यवसाय मजदूरी और चोरी-छिपे विदेशी शराब का व्यापार, निवासी २५७, हनुमान फलिया, वांझगाम, तहसील चौर्यासी, जिला सूरत) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से विभिन्न ब्रांडों की ४,२६० बोतलें और बीयर के टिन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत ७,२७,६९२ थी।

शराब का यह जखीरा मोहम्मद (निवासी साक्री, नासिक, महाराष्ट्र) द्वारा भेजा गया था, और इसे मंगाने वाले काले महाले (निवासी पांडेसरा, सूरत), लाली (निवासी सहारा दरवाजा, सूरत) और इकबाल (निवासी बंबा गेट, मानदरवाजा, सूरत) थे। इन सभी को वांछित घोषित किया गया है।

सचिन पुलिस स्टेशन में इन पर गुजरात निषेध अधिनियम, १९४९ और २०१७ संशोधित अधिनियम की धारा ६५(ए)(ई), ९८(२), ८३, और ८१ के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।




# सूरत सिविल अस्पताल में टॉयलेट से दो मृत भ्रूण मिले, महिला ने अधूरे महीने में दो बच्चों को जन्म दिया,

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत सिविल अस्पताल में आज एक टॉयलेट से दो मृत भ्रूण मिले। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच करने पर पता चला कि २७ वर्षीय गर्भवती महिला का टॉयलेट में मिसकैरिज हो गया था, जिससे यह घटना घटी। फिलहाल, उस महिला का सूरत सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, डिंडोली इलाके में रहने वाली २७ वर्षीय महिला चार महीने की गर्भवती थी। आज उसे परेशानी होने पर वह अपने परिवार के साथ सूरत सिविल अस्पताल पहुंची। पेट में दर्द होने पर वह टॉयलेट गई, जहां उसका मिसकैरिज हो गया। महिला ने अधूरे महीने में दो बच्चों को जन्म दिया, जिसके बाद परिवार उसे डॉक्टर के पास ले गया।

महिला को डॉक्टर के पास ले जाने पर उसने बताया कि टॉयलेट में ही उसका मिसकैरिज हो गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। टीम टॉयलेट में पहुंची और वहां से भ्रूण बरामद किए गए। अस्पताल प्रशासन ने भ्रूण को कब्जे में लिया और महिला को लेबर रूम में ले जाकर तुरंत उपचार शुरू किया गया। फिलहाल, महिला की हालत सामान्य बताई जा रही है।

सूरत सिविल अस्पताल के आरएमओ डॉक्टर केतन नायक ने बताया कि डिंडोली इलाके की इस महिला का टॉयलेट में मिसकैरिज हो गया था। जांच में पता चला कि मृत भ्रूण चार महीने के थे। दोनों भ्रूण किडनी बिल्डिंग के टॉयलेट में मिले। फिलहाल, मिसकैरिज के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन महिला खून बहने की शिकायत के साथ सिविल अस्पताल आई थी, जिसके कारण मिसकैरिज होने की संभावना है।







